देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक – 100 । नर्मदापुरम, सोमवार 7 जुलाई 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

हम पानी की निकासी की समस्या के समाधान के लिए विधायक से मिलेंगे : कालोनी वासी — पृष्ठ 2
आंशिक फैसला वापस मगर विपक्ष को पूर्ण फैसला वापसी तक लड़ना होगा — पृष्ठ 4
अनिल भाई व्यक्ति नहीं विचार थे, मेरे लिए बासौदा के पर्याय थे : शिवराज — पृष्ठ 6
डॉ. मुखर्जी के विचार को प्रधानमंत्री मोदी ने क्रियान्वित किया : मुख्यमंत्री — पृष्ठ 8

# चौतरफा बाढ़ का घेरा, तबाही के मंजर

**नई दिल्ली,भोपाल, जबलपुर देशबन्धु।** मानसून लगभग पूरे देश में तेजी से सक्रिय है और वर्षों बाद यह नजारा देखा जा रहा है कि 4-5 दिन की लगातार झड़ी ने तपती धरती को न केवल ठंडक पहुंचाई बल्कि बाढ़ की त्रासदी लेकर भी आई है। हिमाचल में तो जैसे आसमान फट पड़ा। मौतों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है और उसी क्रम में विस्थापितों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। जानमाल का नुकसान होना जारी है। इधर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखण्ड, पंजाब, हरियाणा, मध्य महाराष्ट्र, मेघालय, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल के तटीय इलाकों सहित अनेक राज्यों में बरसाती बाढ़ अपने तेवर दिखा रही है। नदी-नाले रौद्र रूप धारण कर चुके हैं। कई बांध लबालब होने से पानी की निकासी बढ़ा दी गई है। उधर 9 जुलाई तक भारी और अति भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है।

- हिमाचल के चंबा-मंडी में बादल फटने से पांच पुल बहे, अब तक 75 मौतें, 31 अब भी लापता
- कई राज्यों में मूसलाधार बारिश की चेतावनी

हिमाचल प्रदेश के चंबा और मंडी जिले में बादल फट गया है। इससे राज्य में 5 पुल बह गए हैं। चंबा में कंघेला नाले पर बना पुल बह गया। वहीं मंडी जिले की चौहार घाटी में तीन पैदल पुल बह गए। एमपी के 21 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

हिमाचल प्रदेश में 20 जून को मानसून की एंट्री हुई थी। तब से लेकर 4 जुलाई तक बाढ़-लैंडस्लाइड की घटनाओं में 75 लोगों की मौत हो चुकी है। 288 लोग घायल हैं। बादल फटने की घटनाओं में सबसे ज्यादा 14 मौतें मंडी जिले में हुई हैं। यहां 31 लोग अभी भी लापता हैं। राज्य में आज भी तेज बारिश का रेड अलर्ट है। मध्यप्रदेश के 21 जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी के साथ अभी भी वर्षा का क्रम जारी है और नर्मदा सहित तमाम सहायक नदियां और अन्य बड़ी नदियां उफान पर हैं। मण्डला, डिण्डौरी, नरसिंहपुर, जबलपुर, उमरिया, शहडोल, बालाघाट, होशंगाबाद, पिपरिया, सिवनी, छिन्दवाड़ा सहित अन्य जिलों में बाढ़ के हालात हैं।

छत्तीसगढ़ के सरगुजा में आज भी तेज बारिश जारी है। सरगुजा की पॉश कॉलोनी से लेकर नीचली बस्तियों में पानी भर गया। वहीं अंबिकापुर के कुंडला सिटी में दो से तीन फुट तक पानी भर जाने से रोड पर खड़ी कारें आधी डूब गईं। मध्य प्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने से बाढ़ के हालात हैं। तेज बारिश के कारण मंडला जिले में नर्मदा नदी उफान पर है। इधर नरसिंहपुर को होशंगाबाद से जोडने वाले नेशनल हाईवे पर मौजूद पुल ढह गया। मौसम विभाग ने मध्यप्रदेश के 21 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। पूर्वी हिस्से जैसे जबलपुर, सागर, शहडोल व रीवा संभाग में सबसे ज्यादा खतरा है। शिवपुरी, शहडोल, नरसिंहपुर, श्योपुर में कई गांव और शहर जलमग्न हो गए। नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

## बरगी बांध के 9 जलद्वार खुले... नर्मदा उफान पर



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारी बारिश के चलते बरगी बांध के 9 जलद्वार 1.33 मीटर की ऊचाई तक खोल दिए गए हैं। जिससे नर्मदा उफान पर हैं। बांध से 52 हजार 195 क्यूसेक पानी प्रति सेकेंड छोड़ा जा रहा है। बरगी बांध के आगे पड़ने वाले सभी जिलों में सर्तकता के निर्देश दिए गए हैं और लोगों से नर्मदा किनारों से दूर रहने कहा गया है।

- मध्यप्रदेश के 21 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

झारखंड में तेज बारिश हुई। रामगढ़ जिले के महुआ टांगरी में सुबह के वक्त अवैध कोयला खदान धंस गई। इसमें 4 लोगों की मौत और 4 घायल हो गए। राज्य में सोमवार सुबह तक तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। मध्य प्रदेश के शहडोल जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड समेत तीन वार्डों में बारिश का पानी भर गया है। जिले में 36 घंटे से लगातार तेज बारिश हो रही है। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में तेज बारिश, कई जगह पानी भरा जम्मू। कश्मीर के रामबन जिले में तेज बारिश हुई है। बारिश से कुछ जगहों पर जलभराव और हल्की दिक्कतें देखी गई हैं। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

राजस्थान के 29 जिलों में बारिश का अलर्ट-राजस्थान में मानसून की बारिश का दौर जारी है। आज भी 29 जिलों मे अलर्ट जारी किया गया है। भरतपुर, जयपुर, कोटा व उदयपुर संभाग में मध्यम से तेज और कहीं ।कहीं भारी बारिश हो सकती है। सवाई माधोपुर, टोंक, सीकर, नागौर, जयपुर, अजमेर सहित कई जिलों में 2 से 9 इंच तक पानी बरसा। डूबने से मां-बेटे समेत 4 लोगों की मौत हो गई। सवाई माधोपुर में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। यहां जिला कलेक्ट्रेट तक पानी भर गया। वहीं सीकर में विधायक के घर में पानी घुस गया।

## मुख्यमंत्री आज लुधियाना में उद्योग जगत से करेंगे संवाद



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में बेंगलुरु और सूरत के सफल रोड शोज़ के बाद अब तीसरी कड़ी में 7 जुलाई को लुधियाना में रोड शो का आयोजन किया जा रहा है। देश के प्रमुख औद्योगिक शहरों में शुमार लुधियाना में यह आयोजन टेक्सटाइल, मैन्युफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग और आईटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश साझेदारी के लिहाज़ से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

लुधियाना में यह रोड शो मध्यप्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं, नीतिगत स्थिरता और निवेश-अनुकूल वातावरण को देश के अग्रणी उद्योग समूहों के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रभावी मंच बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पूरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और उद्योगजगत की हस्तियों से प्रत्यक्ष संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव लुधियाना स्थित वर्धमान टेक्सटाइल और दीपक फास्टनर जैसे प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों का दौरा करेंगे।

ये यात्रा उत्पादन प्रक्रियाओं, तकनीकी दक्षता और प्रबंधन प्रणाली की समझ को गहरा करने के साथ-साथ इन समूहों के साथ संभावित निवेश के बिंदुओं पर चर्चा का अवसर भी प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ट्राइडेंट ग्रुप के मुख्यालय में आयोजित हाई-टी इंटरएक्शन में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री उद्योगों की कार्य संस्कृति और नवाचार क्षमताओं को जानने के साथ मध्यप्रदेश में व्यवहारिक सहयोग के रास्ते भी तलाशेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव लुधियाना के प्रमुख उद्यमियों और औद्योगिक समूहों के पदाधिकारियों के साथ व्यक्तिगत बैठकों में भी भाग लेंगे।

## सेप्टिक टैंक के लिए खोदे गए गड्ढे में डूबने से जुड़वा 2 मासूमों की मौत

**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी जिले के एक गांव में 2 मासूम जुड़वा भाईयों की सेप्टिक टैंक के लिए खोदे गए गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। काफी देर तक घर न लौटने पर जब परिजनों ने उन्हें तलाश किया तो उनके शव सेप्टिक टैंक के गड्ढे में मिले। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में तफ्तीश शुरू कर दी है।

घटना केवलारी थाना क्षेत्र के खापा गांव में शनिवार को हुई, यहां 5 साल के 2 जुड़वां भाइयों की गड्ढे में भरे पानी में डूबने से जान चली गई। बताया गया कि दोनों मासूम खेलते-खेलते घर के पीछे बने अधूरे सेप्टिक टैंक के पास पहुंच गए और उसमें गिर गए, जो बारिश का पानी भरने से जानलेवा गड्ढा बन चुका था। इस मर्मस्पर्शी हादसे के बाद से पूरे गांव में मातम का माहौल है। वहीं परिजन गहरे सदमे में हैं। गांव निवासी रामजी झारिया ने अपने घर के पीछे सेप्टिक टैंक के लिए गड्ढा खुदवाया था। शुक्रवार को हुई तेज बारिश के कारण इस गड्ढे में 4 फीट तक पानी से भर गया था, जिसमें यह हादसा हो गया।

### 9 आईएएस अधिकारियों के तबादले

## डॉ. राजौरा की जगह अब मंडलोई मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर सचिव होंगे





- संजय दुबे को नगरीय प्रशासन और संजय शुक्ल को सामान्य प्रशासन का जिम्मा

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में 9 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा की जगह अब अपर सचिव नीरज मंडलोई को पदस्थ किया गया है। अपर सचिव संजय दुबे को नगरीय प्रशासन और संजय कुमार शुक्ल को सामान्य प्रशासन का जिम्मा सौंपा गया है।

अब तक मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव पद पर कार्यरत वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. राजेश राजौरा को अब उपाध्यक्ष, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, प्रबंध संचालक, नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट कंपनी लिमिटेड, जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव पद पर पदस्थ किया गया है। इसके अलावा अब तक सामान्य प्रशासन विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और कर्मचारी चयन मंडल का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजय दुबे को नगरीय विकास एवं आवास विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। उनके पास विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग यथावत रहेगा। जबकि नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ल को सामान्य प्रशासन विभाग, विधिक प्रकोष्ठ, समन्वय तथा विमानन विभाग का जिम्मा सौंपा गया है। इसके साथ ही वे कर्मचारी चयन मंडल के अध्यक्ष भी बने रहेंगे। मत्स्य ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## सेवानिवृत्ति के बाद भी चंद्रचूड़ ने खाली नहीं किया बंगला



चंद्रचूड़ ने पारिवारिक कारण बताया

- अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को लिखा पत्र
- तुरंत खाली करवाया जाए यह बंगला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ का सरकारी बंगले में ज्यादा दिन तक रुकना अब विवाद का कारण बन गया है। सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि 5, कृष्णा मेनन मार्ग स्थित बंगला तुरंत खाली करवाया जाए। यह बंगला देश के मुख्य न्यायाधीश का आधिकारिक निवास है। चंद्रचूड़ नवंबर 2024 में रिटायर हुए थे, लेकिन अब तक वहीं रह रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने एक जुलाई को केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा है कि देश के पूर्व मुख्य न्यायधीश चंद्रचूड़ तय समय से ज्यादा दिन बंगले में रह रहे हैं। नियम के मुताबिक रिटायरमेंट के बाद पूर्व मुख्य न्यायधीश को छह महीने तक टाइप-सात बंगले में रह सकते हैं। लेकिन चंद्रचूड़ टाइप-आठ बंगले में आठ महीने से रह रहे हैं, जो नियमों का उल्लंघन है।


इस मुद्दे पर चंद्रचूड़ ने कहा कि यह देरी उनके पारिवारिक कारणों की वजह से हुई। उन्होंने बताया कि उनकी दो बेटियों को विशेष देखभाल की जरूरत है और उनके लिए उपयुक्त घर ढूंढना आसान नहीं था। सरकार ने उन्हें किराए पर दूसरा घर दिया है, जिसकी मरम्मत चल रही है। मरम्मत पूरी होते ही वह शिफ्ट हो जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि चंद्रचूड़ के रिटायरमेंट के बाद दो मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और वर्तमान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कृष्णा मेनन मार्ग स्थित बंगला लेने से इनकार कर दिया। दोनों ने अपने पुराने आवास में ही रहना पसंद किया। इसी वजह से चंद्रचूड़ को बंगले में अतिरिक्त समय मिलने में आसानी हुई।

### एलन मस्क ने ट्रंप को दिया झटका

## 'अमेरिका पार्टी' नाम से बनाया नया दल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उद्योगपति एलन मस्क के बिगड़ते रिश्ते अब एक नया मोड़ ले रहे हैं। टेस्ला के सीईओ मस्क ने एक नई राजनीतिक पार्टी के गठन का ऐलान कर दिया है। मस्क ने इसे 'अमेरिका पार्टी' का नाम दिया है, जिसका उद्देश्य देश के 'वन-पार्टी सिस्टम' को खत्म करना है।

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने 'एक्स' के जरिए यह घोषणा की है। अपने संदेश में, मस्क ने दोनों प्रमुख दलों पर अनियंत्रित सरकारी खर्च और भ्रष्टाचार में योगदान देने का आरोप लगाया। उनके मुताबिक, देश अब लोकतंत्र के रूप में नहीं, बल्कि बर्बादी और स्वार्थ से संचालित एक एकीकृत राजनीतिक मशीन के रूप में काम करता है। मस्क ने लिखा, अमेरिका द्विदलीय बर्बादी और भ्रष्टाचार से दिवालिया हो रहा है। यह लोकतंत्र नहीं है। यह छद्म रूप से वन-पार्टी सिस्टम है। अमेरिका पार्टी आपको आपकी स्वतंत्रता वापस दिलाने के लिए बनाई गई है। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व सहयोगी मस्क के लिए एक नाटकीय राजनीतिक बदलाव को दर्शाता है, जो पहले ट्रंप का समर्थन करने वाले सबसे प्रमुख डोनर्स में से एक थे। ट्रंप ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' पर हस्ताक्षर किए थे, जो अब एक कानून बन गया है। एलन मस्क पहले ही चेतावनी दे चुके थे कि अगर यह बिल पास होता है, तो अमेरिका में एक नई पार्टी का गठन होगा।



## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की

**हरदा, देशबन्धु।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओम पटेल ने बताया गत दिनों अशोक नगर में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के ऊपर भाजपा सरकार द्वारा झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई गई। उसके विरोध में कांग्रेस द्वारा 8 जुलाई को 12 बजे अशोकनगर जिला मुख्यालय पर भाजपा सरकार की दमन कारी नीति अन्याय के खिलाफ़ न्याय की लड़ाई के लिए प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ता न्याय की मांग करते हुए गिरफ्तारी देंगे। उन्होंने हरदा जिले के समस्त जनप्रतिनिधि, विधायक, ब्लॉक अध्यक्ष, मोर्चा संगठन अध्यक्ष ,मंडलम अध्यक्ष को अपने साथियों सहित अशोक नगर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

### पिछले 24 घंटों में जिले में 3.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**हरदा, देशबन्धु।** जिले में गत चौबीस घंटों में 3.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 3.1 मि.मी., टिमरनी में 2.4 मि.मी., खिरकिया में 1.4 मि.मी., सिराली में 6.2 मि.मी. तथा रहटगांव में 6.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 284.1 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 233.9 मि.मी., टिमरनी में 371 मि.मी., खिरकिया में 341 मि.मी., सिराली में 278 तथा रहटगांव में 196.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 6 जुलाई तक 151.5 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### नर्मदापुरम में अब तक 2502.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 06 जुलाई को प्रात॰ 8 बजे तक जिले में 2502.20 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1449.5 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 06 जुलाई 2025 को प्रात॰ 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 393.7 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 188.0 मिलीमीटर, इटारसी में 185.6 मिलीमीटर, माखननगर में 133.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 229.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 323.2 मिलीमीटर, बनखे?ी में 467.0 मिलीमीटर, पचमढी में 379.8 एवं तहसील डोलरिया में 202.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 939.40 फीट है, तवा जलाशय का 1125.60 फीट है, बरगी जलाशय का 417.25 मीटर एवं बारना जलाशय 344.46 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है

### आज आयोजित की जाएगी जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक का आयोजन 07 जुलाई 2025 को दोपहर 01.00 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किए जाएगा। सर्व संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है।

## हम पानी की निकासी की समस्या के समाधान के लिए विधायक से मिलेंगे : कालोनी वासी

**सोहागपुर, देशबन्धु।** बरसात का मौसम चल रहा है पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है जिसके कारण नदी नाले उफान पर हैं वही खराब व्यवस्था के चलते, नाले नालियों की सफाई के अभाव में लोगो के घरो में पानी भरा रहा है प्रतिवर्ष या समस्या होती है परंतु समस्या का निवारण अधिकारीयों और जनप्रतिनिधियों द्वारा नहीं किया जा रहा है पंचायत के सचिव हमेशा की तरहअपनी मनमानी करते हुए समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं सोहागपुर विकास खंड का हृदय स्थल शोभापुर जो अपनी शांति सौहार्द और भाईचारा के लिए जाना जाता था वो आज अपनी अव्यवस्थाओं के लिए जाना जा रहा है । फ्री हैंड सचिव और उनकी प्रशासनिक व्यवस्था में सभी जवाबदार अधिकारी , कर्मचारी नागरिकों की परेशानी का तमाशा बनते हुए हांथ में हांथ रख कर देख रहे है । कोहानी रोड में स्थित वसुंधरा कालोनी , रामेश्वर कालोनी में पानी की निकासी की उचित व्यवस्था ना होने से नागरिकों का इन दिनों बुरा हाल है । वसुंधरा कालोनी के निवासियों ने बताया कि उनके निकलने के सभी मार्गों पर घुटनों तक पानी भरा हुआ है । पानी घरों के अंदर घुसने पर पानी में रहने वाले जहरीले जीव जंतु घरों में घुस रहे हैं । कालोनी निवासी राजेश पटेल



ने सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि सुबह से 4 सर्प मार चुके हैं और पता नहीं 4 महीने में कितने सर्प मारना पड़ेगा । तो केशव व्यास लिखते हैं कि यदि कोहानी रोड की सड़क पर पुलिया ही डाल दी जाए तो पानी की निकासी की कुछ हद तक व्यवस्था हो जाएगी लेकिन पुलिया तो छोड़िए है हठधर्मी सचिव कुछ भी करने को तैयार नहीं हैं । नागरिकों की समस्या को देखते हुए जब जिला पंचायत सीईओ सुजान रावत से बताया गया तो उन्होंने ओके लिखकर आशा तो बंधाई वहीं एसडीएम अनिल जैन ने इस विषय को गंभीर ना मानते हुए कोई प्रतिक्रिया नहीं दी ।

### रविवार को नशे में रिश्तों का खून करने की दो घटनाएं सामने आई, बेटा शराब के नशे में अपनी मां से झगड़ा कर रहा था

## मां से विवाद करने पर पिता ने कर दी बेटे की हत्या

**इटारसी, देशबन्धु।** अनुविभाग के रामपुर थाना अंतर्गत एक पिता ने अपने ही बेटे की लाठियों से पीटकर हत्या कर दी। बेटा शराब के नशे में अपनी मां से झगड़ा कर रहा था। गुस्से में पिता ने बेटे को लाठियों से पीट दिया जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विजय यादव 27 वर्ष, शराब पीकर अपनी मांग से लड़ाई कर रहा था। उसके पिता रघुवर यादव पिता रामेश्वर यादव 50 वर्ष ने डंडे से मारपीट की जिससे विजय की मौत हो गयी। मामले को सुलझाने में उप निरीक्षक विपिन पाल थाना रामपुर गुर्रा, सहायक उपनिरीक्षक अनिल शर्मा, हर्षित मौर्य, प्रधान आरक्षक उमेश रघुवंशी, आरक्षक महेश साहू, बृजलाल, तुलसी, विजय, गोपाल, टीटू, अमित का योगदान रहा।

परिजन लेकर पहुंचे थे थाना

04 जुलाई 2025 को विजय यादव पिता रघुवर यादव उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम खापानाला को उसके परिजन थाना रामपुर गुर्रा लेकर आए एवं विजय यादव के सोमलवाड़ा रोड के किनारे अचेत हालत में मिलने की सूचना दी। घायल के अचेत होने से उसे तत्काल थाना मोबाइल से प्रारंम्भिक जांच हेतु सिविल अस्पताल इटारसी रवाना किया। डॉक्टर ने विजय यादव को मृत घोषित कर दिया। मौके पर ही पुलिस ने मर्ग कायम किया। मृतक को आई चोटों की प्रकृति तथा मर्ग संदेहास्पद स्थिति का होने से एसपी नर्मदापुरम गुरकरन सिंह के आदेश एवं एसडीओपी इटारसी के निर्देश पर बारीकी से उक्त मर्ग की जांच करने हेतु थाना रामपुर गुर्रा से पुलिस टीम का गठन किया।



### पूछताछ में कहानी आयी सामने

जांच दौरान मृतक की शॉर्ट पीएम रिपॉर्ट में डॉक्टर ने मृतक की पीठ एवं पेट पर गंभीर चोटों की पुष्टि की। जानकारी मिली कि मृतक शराब पीने का आदी था, शराब के नशे में अक्सर परिजनों से विवाद किया करता था। घटना दिनांक को भी शराब के नशे में खापानाला स्थित अपने घर पहुंचा था। पिता से वाद विवाद हुआ था, जिस पर मृतक के परिजनों एवं आस पास के लोगों से पूछताछ की गई तो जानकारी प्राप्त हुई कि मृतक ने दोपहर शराब पीने के लिए मां से पैसा मांगा था। मां को जबरदस्ती रामपुर ले जाकर उसके आधार कार्ड के माध्यम से पैसा निकलवाया। शराब पीकर पुन: अपने घर पहुंचा और विवाद कर मां से मार पीट करने लगा विजय यादव के पिता रघुवर यादव ने गुस्से में डंडे से विजय की पीठ एवं पेट पर वार किए जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। रघुवर यादव के साथ गहनता से पूछताछ करने पर मारपीट करना स्वीकार किया।

### नशे ने फिर एक परिवार किया तबाह

## पति ने शराब के लिए मांगे पत्नी से रुपए, नहीं देने पर पत्नी को उतार दिया मौत के घाट

**खिरकिया/हरदा देशबन्धु।** शराब का नशा समाज का नाश कर रहा। युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा तो कई परिवार टूट रहे है। तो कई लोग एक दूसरे की जान तक ले रहे है। ऐसा ही एक मामला छीपाबड़ थाना में सामने आया जहां शराब के पैसे नहीं देने पर शराबी पति ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी।


आरोपी पति। इंसेट में मृतका पत्नी

मामला छीपाबड़ क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 खेड़ा का हैं । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात को एक मजदूर रंजीत नाथ ने शराब के लिए अपनी पत्नी इंद्रा बाई से पैसे मांगे पत्नी ने पैसे देने से मना कर दिया तो रंजीत ने गुस्से में आकर जमकर मारपीट की। फिर कुल्हाड़ी से सिर पर हमला कर दिया जिसमे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सुचना मिलते ही छीपाबड़ पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए खिरकिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। डॉक्टरों ने शव का पीएम कर परिजनो के सुपर्द किया यहां आरोपी की दूसरी पत्नी है। पहली पत्नी का तलाक हो चुका।

## चोरों के हौसले बुलंद, देवी मंदिरों को बना रहे निशाना



**सोहागपुर।** दिनों दिन लूट और चोरी करने वाले के हौसले बुलंद हो रहे हैं बिजली ऑफिस देवी मंदिर में रात्रि के समय चोरों के द्वारा पेटी का कुंदा तोड़कर उसमें रखे नगदी ले गए एवं देवीजी का जो सिंगर था उसे भी ले गए हालाकि यह देवी श्रृंगार आर्टिफिशियल था परंतु उन चोरों ने उसे भी नहीं छोड़ा । रविवार सुबह जब मंदिर के पुजारी विनीत शर्मा पूजन करने आए तो उन्होंने देखा की मंदिर की पेटी का ताला टूटा हुआ है और देवी जी के जेवर नहीं है जिस पर उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचित किया उनके आने पर पुलिस स्टेशन जाकर रिपोर्ट दर्ज करवाई जिस पर पुलिस द्वारा जांच जारी है। इस घटना के 8 दिन पहले तहसील हनुमान मंदिर में भी दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे रुपए ले गए थे उसकी भी पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी उस चोरी की घटना का भी अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है । इसी प्रकार बैंक पेंशन लेने आए बुजुर्ग से रास्ते में 50000 की लूट हो गई । एफआईआर भी दर्ज करवाई।

## नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का इटारसी आगमन पर हुआ आत्मीय स्वागत, की चर्चा



**इटारसी, देशबन्धु।** भाजपा नगर इटारसी ने पार्टी के मध्यप्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के इटारसी आगमन पर विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के नेतृत्व में फोरलेन स्थित मिडवे ट्रीट रेस्टोरेंट पर स्वागत किया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन पर नगर के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से हेमंत खंडेलवाल का फूल माला एवं भाजपा का गमछा पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, नगर भाजपा अध्यक्ष राहुल चौरे, पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक महतो, सौरभ मेहरा, अतुल शुक्ला, गोपाल शर्मा, उपनिषद दुबे, अर्जुन भोला, गौरव बड़कुर, संजय चौधरी, आशा राव, गोविंद महतो, सत्येन्द्र पाल जग्गी, हैप्पी भाटिया, मिथलेश गोस्वामी, मोनीश दमाड़े, अमित विश्वास, कुंदन गौर, संदीप तिवारी, विजय चौरे, वीरेंद्र यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बनखेड़ी में चौबीस घंटे में 7 इंच से अधिक वर्षा, जिले में पिछले वर्ष से अधिक वर्षा

**इटारसी, देशबन्धु।** पिछले एक सप्ताह से भी अधिक समय से जिले में वर्षा का दौर चल रहा है। आसमान पद छाये बादलों के कारण सूर्य के दर्शन दुर्लभ हो गये हैं। पिछले चौबीस घंटे से जिले के कई क्षेत्रों में लगातार बारिश हो रही है। सबसे अधिक 180.8 मिमी वर्षा बनखेड़ी में दर्ज की गई है। जिले की हर तहसील में पिछले वर्ष के मुकाबले अधिक वर्षा हो चुकी है।

### तवा में दस घंटे में बढ़ा साढ़े तीन फिट से ज्यादा पानी

पहाड़ों पर बारिश के कारण तवा बांध में तेजी से पानी आया और महज दस घंटे में बांध का जलस्तर साढ़े फिट से भी ज्यादा बढ़ गया। बांध के जलस्तर में इतनी तेजी से बढ़ोतरी इस सीजन में पहली बार हुई है। शनिवार से मानसून ने रफ्तार पकड़ी और तवा बेसिन, पचमढ़ी, बैतूल जिले में अच्छी वर्षा होने से बांध में तेजी से पानी आया है।आज रविवार को सुबह 6 बजे तवा बांध का जलस्तर 1125 फिट था, जो शाम को 4 बजे 1128.70 फिट हो गया। इस तरह से बांध में महज 10 घंटे में 3.70 फिट की बढ़ोतरी हो गयी। कल तक जहां चौबीस घंटे में आधा फिट भी पानी नहीं बढ़ रहा था, अचानक उसमें उछाल आया है। बांध की कुल जलभंडारण क्षमता 1166 फिट है और बांध के निर्धारित जलस्तर तक पहुंचने में अभी करीब 37 फिट पानी और चाहिए।

### वर्षा पिछले 24 घंटे में

नर्मदापुरम 15.1 मिमी, सिवनी मालवा 29 मिमी, इटारसी 50.2 मिमी, माखननगर 2 मिमी, सोहागपुर 17 मिमी, पिपरिया 56.8 मिमी, बनखेड़ी 180.8 मिमी, पचमढ़ी 73.4 मिमी और डोलरिया 37.1 मिमी।

### अब तक कुल वर्षा

नर्मदापुरम 393.7 मिमी, सिवनी मालवा 188 मिमी, इटारसी 185.6 मिमी, माखननगर 133 मिमी, सोहागपुर 229 मिमी, पिपरिया 323.2 मिमी, बनखेड़ी 467 मिमी, पचमढ़ी 379.8 मिमी और डोलरिया 202.7 मिमी।

सेठानी घाट 939.4/967 फीट

तवा बांध 1125.60/1166 फीट

बरगी बांध 417.25/422 मीटर

बारना बांध 344.46/348 मीटर दर्ज की।

### जिस मनोकामना से हरि विष्णु का अभिषेक किया जाता है वह पूरी होती : पं.पुष्पेंद्र तिवारी:

**बैतूल, देशबन्धु।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान तुलसी भवन विनोबा नगर बैतूल में देवशयनी, हरिशयनी एकादशी व्रत अनुष्ठान पूजन समारोह का आयोजन किया गया। पंडित पुष्पेंद्र तिवारी ने भगवान श्री कृष्ण का पंचामृत एवं दूध दही घी शहद और शक्कर से श्री कृष्ण का अभिषेक कराया। भगवान श्री कृष्ण का विशेष भोग अर्पित कर भगवान श्री कृष्ण का विशेष व्रत अनुष्ठान पूजन किया गया। पं. तिवारी ने बताया देवशयनी एकादशी का व्रत का लाभ है।

## मोहर्रम पर्व पर हजरत सैयद जलाल शाह वली दरगाह पर दरगाह कमेटी ने किया लंगर ए हुसैन का एहतमाम



**खिरकिया, देशबन्धु।** मोहर्रम पर्व इस्लामिक नया साल आते ही शहर में जगह जगह लंगर का आयोजन किया गया जिसमें शहर के मशहूर दरगाह हज़रत सैयद जलाल शाह वली की मजार पर लंगरे हुसैन का एहतमाम किया गया। दरगाह कमेटी द्वारा खे?ीपुरा स्थित आका हुसैन में चादर पेश की गई। बाद नमाज असर दरगाह पे चादर पेश की गई..जिसमें प्रमुख रूप से दरगाह कमेटी के सरपरस्त जनाब गुलाम मोहम्मद (पप्पू भाई). जनाब सैयद साबिर अली..लाल मोहम्मद. माजिद भाई मंसूरी. न्याज बेग साहब.इरशाद अली. फरीद खान. शेख सोहेल. शेख असलम.नौशाद अली. इमरान मंसूरी. जाहिद मंसूरी. जक्कू भाई. इरशाद खान. मोइन खान.तोसिफ कुरैशी. आबिद मंसूरी.शेख सोमेल. सैफ अली सभी जायरिन मौजूद रहे... सभी शरीक होने वालों का पूर्व पार्षद दरगाह कमेटी अध्यक्ष मुस्तकीम अहमद कुरैशी ने आभार व्यक्त किया..

## घरों में जा घुसा बरसाती पानी, मेला ग्राउंड में जल भराव की स्थिति, वाहनों का आवागमन रोका गया

**बनखेड़ी, देशबन्धु।** प्रदेश में सक्रिय स्ट्रॉन्ग सिस्टम के चलते नर्मदापुरम जिले समेत कई इलाकों में लगातार भारी बारिश हो रही है। बीते 24 घंटों में जिले में सबसे ज्यादा वर्षा बनखेड़ी तहसील में दर्ज की गई, जहां 7.1 इंच पानी गिरा। शनिवार देर रात 4 बजे से रविवार सुबह 11 बजे तक बादलों की तेज गड़गड़ाहट, झोंकेदार हवा और झमाझम बारिश ने बनखेड़ी नगर सहित ग्रामीण इलाकों में हाहाकार मचा दिया। नगर परिषद क्षेत्र के ईदगाह चौराहा, नदी मोहल्ला, आवास कॉलोनी, डांगरा कॉलोनी, नयाखेड़ा स्थित बिजली ऑफिस के पास की कॉलोनी समेत अनेक वार्डों में पानी भर गया। कई घरों में पानी घुसने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नगर परिषद के वार्ड नंबर 1, 4, 5, 7, 8, 9 और 12 में हालात बेहद गंभीर बताए जा रहे हैं।



मेला ग्राउंड क्षेत्र सहित इन वार्डों में बड़े पैमाने पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। बारिश के कारण दूधी नदी, ओल नदी और अंजन नदी उफान पर हैं। नदी का पानी कई जगह सड़कों पर आ गया जिससे कुछ गांवों का संपर्क टूट गया। रेलवे गेट और रेलवे पुल के नीचे जाने वाला मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है। नदी मोहल्ला की ओर जाने वाला रास्ता भी पानी में डूबने से बंद है। ऐसे ही हालात ग्राम मल्हनवाडा, दहलवाडा, रहटवा?ा, कामती, ईशरपुर, उमरधा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के बने हुए हैं। स्थानीय प्रशासन और नगर परिषद की टीमों द्वारा राहत और निकासी के प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन लगातार बारिश के चलते हालात और बिगड़ने की आशंका भी बनी हुई है।नागरिकों से सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है। इनका कहना **अंजू लोधी, प्रभारी तहसीलदार, बनखेड़ी ने कहा:-** सुबह से बनखेड़ी क्षेत्र में अच्छी तेज बारिश हुई है। छोटे-बड़े नालों में पानी अधिक होने के कारण आवागमन को रोका गया है। हमने नर्मदा तट और डूब क्षेत्र में राहत दल को अलर्ट मोड पर रखा है। जनहानि की अभी कोई सूचना प्राप्त नहीं है।



**निशांत श्रीवास्तव, सीएमओ नगर परिषद बनखेड़ी ने बताया:-** लगातार अधिक बारिश होने से कुछ जगह पर निचले स्तर पर बने मकानों में पानी भर गया और कॉलोनी की सकरी गलियों और नालों में अधिक पानी भर जाने से हमारा राहत दल मौके पर पहुंचकर पानी निकासी के कार्य में जुटा हुआ है

# नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल ने मनाई 15वीं वर्षगांठ - क्रिस्टल जुबली कार्यक्रम में बिखेरा जलवा

**नर्मदापुर, देशबन्धु।** नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल, नर्मदापुरम् ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी 15 वर्षों की सफल यात्रा पूर्ण कर क्रिस्टल जुबली समारोह धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य प्रेरणास्त्रोत एवं विद्यालय समूह के चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल रहे, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के उद्देश्य से इस स्कूल की स्थापना की थी। आज विद्यालय की पहचान एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संस्थान के रूप में स्थापित हो चुकी है। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर मनीष अग्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, यह 15 वर्षों की निरंतर मेहनत, समर्पण और सहयोग का परिणाम है, जिसके लिए सभी विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक व स्टाफ बधाई के पात्र हैं। डायरेक्टर श्रीमती निशा अग्रवाल द्वारा क्रिस्टल जुबली समारोह में शैक्षणिक उत्कृष्टता, खेल और अन्य गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण के साथ-साथ बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।विद्यालय के प्राचार्य इमरान खान, कोऑर्डिनेटर श्रीमती श्वेता शुक्ला एवं समस्त स्टाफ ने भी सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व विद्यालय परिवार को इस विशेष अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। यह समारोह विद्यालय की 15 वर्षों की गौरवमयी यात्रा को स्मरण करने एवं भविष्य में नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ने की प्रेरणा देने वाला रहा।



### शिक्षक व स्टाफ बधाई के पात्र हैं

इस अवसर पर विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य प्रेरणास्त्रोत एवं विद्यालय समूह के चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल रहे, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के उद्देश्य से इस स्कूल की स्थापना की थी। आज विद्यालय की पहचान एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संस्थान के रूप में स्थापित हो चुकी है। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर मनीष अग्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, यह 15 वर्षों की निरंतर मेहनत, समर्पण और सहयोग का परिणाम है, जिसके लिए सभी विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक व स्टाफ बधाई के पात्र हैं।

अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति ने देहात थाने में किया पौधारोपण

# पौधरोपण एक पुण्य कार्य है, वृक्ष मनुष्य के मित्र हैं इनके बिना जीवन की कल्पना नहीं: थाना प्रभारी



**नर्मदापुर, देशबन्धु।**अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा रविवार को देहात थाने में एक पेड़ मां के नाम अभियान के चलते पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। भारी बरसात की बीच यह पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना परिसर में आम, जामुन, अमरूद, नींबू सहित कई प्रजाति के पौधे रोपण किए गए। इस अवसर पर देहात थाना प्रभारी प्रवीण चौहान ने कहा कि पेड़ प्रकृति का सबसे अनमोल देन है। वे न केवल धरती को हरा भरा और सुंदर बनाते हैं बल्कि जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन भी प्रदान करते हैं। पेड़ों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। पौधारोपण पर एक पुण्य कार्य है। पौधे मनुष्य, पशु पक्षी और पूरे पर्यावरण के लिए जरूरी है। श्री चौहान ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। पौधारोपण करने के प्रति लोगों को जागरूक होना चाहिए।

### यह एक पुनीत कार्य है, सभी इस अभियान में हिस्सा ले

श्री चौहान ने कहा कि अखिल भारतीय समाज मातृशक्ति द्वारा पौधारोपण अभियान के अंतर्गत देहात थाने परिसर में पौध रोपण किए हैं उसके लिए मैं सभी सामाजिक लोगों को बधाई देता हूं। वृक्षारोपण एक पुण्य कार्य है। इस पुनीत कार्य में सभी लोगों को ज्यादा से ज्यादा बढ़-चढ़कर आगे आना चाहिए और पौधा रोपण कार्यक्रम में शामिल होना चाहिए। इस अवसर पर प्रखर समाजसेवी सुमन वर्मा, प्रीती खरे, सीबी खरे, लालता प्रसाद, मंजू श्रीवास्तव ,जिला अध्यक्ष ज्योति वर्मा, नेहा थापक, दीपक थापक सहित अनेक लोग मौजूद रहे। वहीं थाना के सभी अधिकारी कर्मचारियों ने भी पौधारोपण किया। देहात थाने के पुलिस कर्मी बगीचे की देखभाल में जुटे हुए हैं और लोगों से अपील कर रहे हैं कि वे भी इस अभियान में जुड़कर अपने आसपास के क्षेत्र में पेड़ लगाएं।

# जय हो समिति द्वारा मां नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान 261वां सप्ताह



**नर्मदापुरम।** जय हो समिति द्वारा संचालित मां नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान का आज 261वां सप्ताह पूर्ण हुआ। यह अभियान नर्मदा मैया की सेवा और स्वच्छता के संकल्प के साथ निरंतर जारी है। इस सप्ताह भी प्रातःकाल समिति के सदस्यों ने परमहंस घाट पहुंचकर श्रमदान किया। कचरा संग्रहण, सफाई, पत्तों एवं प्लास्टिक सामग्री को हटाने जैसे कार्य किए गए। समिति के स्वयंसेवकों ने लोगों को घाट की स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। जय हो समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मां नर्मदा की सेवा जनभागीदारी से ही संभव है और जब तक जीवन है, यह अभियान अनवरत चलता रहेगा। अंत में सभी स्वयंसेवकों ने नर्मदा मैया की जय, स्वच्छ नर्मदा पवित्र नर्मदा के नारों के साथ संकल्प लिया। सफाई करने वालों में समिति के सागर पटेल, सौरभ वर्मा, अनुराग वर्मा, विशाल बावरिया, संजू प्रजापति, कौशिक बावरिया, प्रीतम चक्रवर्ती उपस्थित रहे।

### कायस्थ समाज मातृशक्ति ने चित्र गुप्त घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

**नर्मदापुरम।** अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति ने स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया। भारी बारिश के बावजूद मातृ-शक्तियों ने घाट और आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई की और कचरा डस्टबिन में डाला। इस अवसर पर प्रखर समाजसेवी सुमन वर्मा ने कहा कि घाटों पर गंदगी ना करें। नर्मदा हमारी जीवन दायिनी है इसे साफ और स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हमारे शहर की पहचान हमारे नर्मदा घाटों से होती है इसलिए हमें घाटों को साफ स्वच्छ रखना है। वहीं ज्योति वर्मा ने कहा कि मां नर्मदा हमारी जीवनदायनी है, इसलिए हमें उनकी सेवा करना और घाटों को साफ रखना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे घाट पर गंदगी और कचरा न डालें और मां नर्मदा को स्वच्छ और सुंदर रखें। इस मौके पर प्रीती खरे, ज्योति वर्मा, सुमन वर्मा, लालता प्रसाद, मंजू श्रीवास्तव, नेहा थापक, दीपक थापक, रश्मि सक्सेना, सीबी खरे, जानकी आदि उपस्थित थे।

# भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई

**हरदा, देशबन्धु।** हरदा , भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। मीडिया प्रभारी दीपक नेमा ने बताया कि डॉ.मुखर्जी की 124वीं जयंती के अवसर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्यान एल आई जी कॉलोनी हरदा में समस्त कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण करते हुए उनकी जन्म जयंती मनाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा ने कहा कि जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है जो कश्मीर हमारा है वह सारे का सारा है जन संघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी लगातार देश की एकता और अखंडता के लिए कार्य कर रही है डॉ. साहब का सपना कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक रहे इसकी अगर सही मायने में किसी



ने चिंता करने का प्रयास किया है तो वह नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के रूप में एवं देश के गृहमंत्री अमित शाह ने 5 अगस्त 2019 में धारा 370 एवं 35 ए हटाते हुए सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं अखंड भारत की परिकल्पनाको पूर्ण किया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज एवं संगठन के लिए तत्पर रहने की बात कही। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। जिला महामंत्री देवी सिंह सांखला ने कहा कि एक देश में दो निशान, दो विधानऔर दो प्रधान के घोर विरोधी डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार से उद्योग मंत्री रहते हुए इस्तीफा देकर लगातार कश्मीर के मुद्दे को लेकर संघर्ष करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया . बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक मनसुख लोहाना ने डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी के जीवन परिचय के बारे में जानकारी देते हुए श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष नितेश बादर का जन्म दिवस पौधा रोपण कर मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे

## शारीरिक माप दिवस की तैयारी हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नर्मदापुरम।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार परियोजना नर्मदापुरम ग्रामीण में शारीरिक माप दिवस की पूर्व तैयारी को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डहरिया के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री डहरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र समय पर खुलें और बच्चों की उपस्थिति संपर्क ऐप एवं पोषण ट्रैकर ऐप में वास्तविक रूप से दर्ज की जाए।

साथ ही प्रत्येक बच्चे का शारीरिक माप त्रुटि रहित तरीके से लिया जाए एवं उसकी सही प्रविष्टि पोषण ट्रैकर ऐप पर दर्ज की जाए, ताकि कुपोषण की रोकथाम की जा सके।प्रशिक्षण कार्यक्रम में यूनिसेफ से प्रेम सिंह चौहान (प्रमुख मास्टर ट्रेनर) ने भी कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्र की पर्यवेक्षक श्रीमती आशा भदौरिया, श्रीमती आस्था शिवहरे, श्रीमती पूनम मौर्या एवं श्रीमती छवि यादव तथा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर श्रीमती कुमारी माही मेहरा की उपस्थिति रही।

# इमाम हुसैन की याद में ताजिया जुलूस निकला, अखाड़ों का हुआ प्रदर्शन..

**बनखेड़ी, देशबन्धु।** हज़रत इमाम हुसैन की शहादत की याद में रविवार को मुस्लिम समुदाय द्वारा नगर में ताजिया जुलूस निकाला गया। कार्यक्रम की शुरुआत जमींदारी मोहल्ला से जमाती अलम के साथ हुई। जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरता हुआ ईदगाह मोहल्ला पहुंचा, जहां नगर के सभी ताजिये एकत्रित हुएकरीब एक घंटे तक अखाड़ों का प्रदर्शन किया गया जिसमें तलवार, बरेठी, वाना, चकरा, मुक्दर आदि का अभ्यास किया गया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने इसमें भाग लिया। आयोजन के दौरान छबील (शरबत) और मिठाइयों का वितरण भी किया गया। इसके बाद ताजिया जुलूस नगर भ्रमण करता हुआ वापिस जमींदारी मोहल्ला पहुंचा, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। मस्जिद में अता की गई यौमे आशूरा की विशेष नमाज मुहर्रम की 10 तारीख को यौमे आशूरा के मौके पर मस्जिद में जोहर



की नमाज के बाद विशेष नमाज अता की गई और सामूहिक दुआ की गई। पेश इमाम मुहम्मद इमरान अजहरी साहब ने शहीद-ए-कर्बला हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी पर तकरीर की।

उन्होंने बताया कि यजीद ने हुसैन साहब को धोखे से कुफा बुलाकर घेर लिया था। हुसैन साहब के काफिले में महिलाएं और बच्चे समेत कुल 72 लोग थे जबकि यजीद की सेना 22 हजार सैनिकों की थी। यजीद चाहता था कि हुसैन साहब उसके सामने झुक जाएं और उसके शासन को स्वीकार कर लें। लेकिन हुसैन साहब ने उसके किसी भी प्रस्ताव को नहीं माना। इसके बाद यजीद ने पानी तक रोक दिया और कर्बला में एक-एक कर सभी को शहीद करवा दिया। पेश इमाम ने बताया कि सजदे की हालत में हुसैन साहब की गर्दन पर खंजर चलाया गया, लेकिन उन्होंने आखिरी सांस तक अन्याय के आगे सिर नहीं झुकाया और अल्लाह के रास्ते में अपनी जान कुर्बान कर दी।

# फसल बीमा कराने हेतु कर रहे प्रेरित, नुक्कड़ नाटक से बता रहे फायदे

**हरदा, देशबन्धु।** ''फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ'' की थीम पर नुक्कड़ नाटक कर किसानों को फसल बीमा कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि जिले के किसानों को फसल बीमा से होने वाले फायदे बताए जा रहे हैं तथा किसानों को फसल बीमा की अंतिम तारीख के संबंध में जानकारी देकर बीमा कराने की प्रक्रिया भी बताई जा रही है। उन्होने बताया कि रविवार को हंडिया, खिरकिया, सिराली में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को फसल बीमा कराने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर बीमा कंपनी प्रतिनिधि और कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा जाकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ 2025 का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होने बताया कि 1 जुलाई से 7 जुलाई तक फसल बीमा सप्ताह मनाया जा



रहा है। उन्होने किसानों से अनुरोध किया कि ऋणी किसान संबंधित बैंक के माध्यम से तथा अऋणी किसान वेब सेन्टर या अपने संबंधित बैंक के माध्यम से 31 जुलाई से पूर्व फसल बीमा करवा सकते हैं।

## आईटीआई में रोजगार मेला युवा संगम 10 जुलाई को लगेगा

हरदा , निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये शासकीय आईटीआई हरदा में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले ''युवा संगम'' का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि यह मेला 10 जुलाई को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में बेरोजगार युवक युवतियों की भर्ती की जायेगी। इस रोजगार मेले में 5 वी, 8वी, 10वी, 12वी, आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक व स्नातकोत्तर उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष तक की आयु के युवा भाग ले सकते है।

## जगन्नाथ प्रभु का स्वर्ण वेश, पद दर्शन हुए

**नर्मदापुरम।** भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा महोत्सव के दौरान रविवार को अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाड़ा में भगवान का स्वर्ण वेश और पद दर्शन हुए।

इस सम्बन्ध में मंदिर के मुख्य अर्चक बाबाजी प्रसाद दास ने बताया कि रथ यात्रा वापस आने के बाद दूसरे दिन भगवान स्वर्ण वेश धारण करते हैं। साथ ही भगवान के पैरों का दर्शन आज जिनके दिन होता है। इस महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया।

ठाकुर राजा का किया सम्मान

इस अवसर पर धर्म आध्यात्म के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य करने वाले मंदिर के ठाकुर राजा डा आशुतोष शर्मा का सम्मान किया गया। डोंगरवाड़ा राधारानी महिला मंडल द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर बाबाजी प्रसाद दास ने कहा कि डा शर्मा द्वारा धर्म के क्षेत्र जो कार्य किए जा रहे हैं वे प्रशंसनीय हैं। समाज और देश के लिए उनका अवदान सदियों तक याद किए जाएगा। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। कार्यक्रम में द शर्मा की माता जी श्रीमती पुष्पावती शर्मा, बीके सेलम दीदी, बीके शबनम दीदी, आचार्य रश्मि रंजन पाणी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद शर्मा ने किया।

आज सफलता की कहानी में जानिये सुमनबाई और बुधवाड़ा के उन्नत कृषक नारायण मीना के बारे में

# रेशम उत्पादन से बदली किस्मत, ग्राम गूजरवाड़ा की श्रीमती सुमनबाई मजदूरी छोड़कर बनीं लखपति दीदी

**नर्मदापुर, देशबन्धु।** विकासखंड माखननगर के ग्राम गूजरवाड़ा निवासी श्रीमती सुमनबाई/श्री नारायण यादव ने रेशम उत्पादन से अपनी मेहनत और लगन के बल पर अपनी पारिवारिक स्थिति को पूरी तरह बदल दिया है। कभी मेहनत मजदूरी कर परिवार चलाने वाली श्रीमती सुमनबाई अब शहतूती रेशम योजना के माध्यम से लखपति दीदी बन चुकी हैं। श्रीमती सुमनबाई वर्ष 2010-11 से रेशम विभाग की स्वावलंबन योजना से जुड़ी हुई हैं। योजना से जुड़ने के पूर्व उनकी पारिवारिक स्थिति काफी कमजोर थी और वे अपने छह बच्चों के साथ कच्चे खपरेल वाले मकान में जीवन यापन कर रही थीं। रेशम पालन गतिविधियों से जुड़ने के बाद श्रीमती सुमनबाई ने धीरे-धीरे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता हासिल की। अब उनके पास पक्का मकान है, उन्होंने अपनी तीन बेटियों की शादी कर दी है और दो बेटियां स्नातक की पढ़ाई कर चुकी हैं तथा घर पर रहकर रेशम उत्पादन में सहयोग कर रही हैं। उनके दो बेटे भी दसवीं एवं कॉलेज की पढ़ाई कर रहे हैं। श्रीमती सुमनबाई द्वारा चाकी कृमिपालन एवं उत्पादित ककून विक्रय कर आय अर्जित की जा रही है। उन्होंने वर्ष 2024-25 में ककून उत्पादन से 23,082 रुपये तथा चाकी कृमिपालन से 1,60,460 रुपये अर्जित कर कुल 1,83,542 रुपये की आमदनी प्राप्त की है। आज वे और उनके जैसी कई महिलाएं रेशम पालन गतिविधियों से जुड़कर घरेलू कार्यों के साथ-साथ तीन लाख रुपये तक की वार्षिक आय अर्जित कर रही हैं।



## प्राकृतिक खेती कर नारायण मीना कमा रहे हैं बढ़िया मुनाफा

**रबी मौसम में उन्होंने 1 एकड़ में डीबीडब्ल्यू-303 किस्म का गेहूं बोया, जिसमें 10,000 रुपये लागत आई। उपज से 35,000 रुपये प्राप्त हुए और शुद्ध मुनाफा 25,000 रुपये रहा।**

**नर्मदापुरम।** माखननगर के ग्राम बुधवाड़ा निवासी प्रगतिशील कृषक नारायण मीना रासायनिक खेती को छोड़कर प्राकृतिक खेती अपनाकर खेती के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। मीना ने बताया कि प्राकृतिक खेती से उन्हें रासायनिक खेती के समान ही मुनाफा हो रहा है और लागत में भी कमी आ रही ह



उन्होंने वर्ष 2021 से आत्मा परियोजना एवं कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर से समय-समय पर प्रशिक्षण, कृषि प्रदर्शनी एवं कृषि विज्ञान मेले आदि में सहभागिता कर प्राकृतिक खेती का तरीका सीखा और उसे अपनी जमीन पर सफलतापूर्वक लागू किया। श्री मीना ने मात्र 1 एकड़ भूमि से प्राकृतिक खेती की शुरुआत की थी और आज वे 3 एकड़ भूमि में प्राकृतिक खेती कर रहे हैं।खरीफ मौसम में श्री मीना ने 3 एकड़ भूमि में पी.बी-1 धान की खेती की, जिसकी कुल लागत 64,500 रुपये आई। उपज बेचने पर 1,98,000 रुपये की आय हुई और लागत घटाने के बाद उन्हें 1,33,500 रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। रबी मौसम में उन्होंने 1 एकड़ में डीबीडब्ल्यू-303 किस्म का गेहूं बोया, जिसमें 10,000 रुपये लागत आई। उपज से 35,000 रुपये प्राप्त हुए और शुद्ध मुनाफा 25,000 रुपये रहा। इसके अलावा रबी मौसम में ही 2 एकड़ में आरवीजी-202 किस्म के चने की खेती की गई, जिसमें 23,600 रुपये की लागत आई। चना बेचने पर 1,26,000 रुपये प्राप्त हुए और 1,02,400 रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया गया। ग्रीष्मकालीन मौसम में 3 एकड़ भूमि में पीडीएम-139 किस्म की मूंग की खेती की गई। इस पर 35,600 रुपये की लागत आई और उपज बेचने पर 1,35,000 रुपये प्राप्त हुए जिससे 99,400 रुपये का शुद्ध लाभ मिला। इस प्रकार श्री मीना को पूरे वर्ष भर में कुल 3,60,300 रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ।

नर्मदापुरम, सोमवार 7 जुलाई 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## विपक्ष की ताकत ने लोकतंत्र को बचा लिया

बिहार में चुनाव से पहले लोकतंत्र को कुचलने की बड़ी तैयारी चल रही थी, जिसे विपक्ष ने रोक लिया है। अक्टूबर-नवंबर में होने वाले चुनाव से पहले 25 जून से 26 जुलाई तक मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चुनाव आयोग ने शुरु किया। लेकिन यह फैसला लगातार विवादों में था और विपक्ष इस पर सवाल उठा रहा था कि बिहार में करोड़ों मतदाता आखिर कहां से उन चुनिंदा दस्तावेज को उपलब्ध करा पाएंगे, जिन्हें दिखाने के बाद ही उनके नाम मतदाता सूची में शामिल करने की शर्त चुनाव आयोग ने रखी थी। अगर ये दस्तावेज नहीं दिखाए जा सके तो फिर आयोग उन्हें अवैध करार देता। यानी एक साथ करोड़ों लोग मतदान के अधिकार से वंचित रह जाते, इस पर विपक्ष ने शुरु से कड़ी आपत्ति दर्ज की थी, चुनाव आयोग से इसकी शिकायत भी की थी। अब विपक्ष की मुहिम रंग लाई है। चुनाव आयोग को अपने इस बड़े फैसले को लगभग पलटना पड़ा है और इसका विज्ञापन बाकायदा अखबारों में दिया गया है। आयोग ने अब कहा है कि जिन 11 दस्तावेज की सूची दी गई थी उनमें से अगर एक भी कागज किसी के पास नहीं है तब भी उसका गणना प्रपत्र यानी एन्यूमरेशन फॉर्म जमा हो सकता है। इससे साफ़ पता चलता है कि चुनाव आयोग ने जो शुरुआती तेवर दिखाए थे वह अब ढीले पड़ चुके हैं। वैसे भी चुनाव आयोग का यह फैसला अटपटा है, क्योंकि हिंदुस्तान में आजादी के बाद से नागरिक को मतदान का अधिकार मिला और इसके लिए व्यवस्था की गई कि चुनाव आयोग मतदाता के दरवाजे तक जाकर उसे यह अधिकार सौंपेगा। यही असली लोकतंत्र था, लेकिन अब इसमें उल्टी गंगा बहाते हुए चुनाव आयोग ने मतदाता पर ही यह जिम्मेदारी डाल दी कि वह फार्म भरे, दस्तावेज दिखाए और अपने वैध मतदाता होने को साबित करे।

बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का आदेश जिस तरह आया और उस पर काम शुरु भी हुआ तो कई सवाल खड़े हो गए। इसे नोटबंदी और लॉकडाउन यानी देशबंदी के बाद वोटबंदी कहा जा रहा था। हालांकि यह केवल शब्दों की तुकबंदी नहीं थी, बल्कि इसके पीछे लोकतंत्र पर पड़ने वाली चोट को लेकर गहरी चिंता थी। भाजपा की आंखों पर तो इस समय सत्ता की पट्टी बंधी हुई है, इसलिए उसे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ रहा कि करोड़ों लोग अगर चंद कागजात की वजह से वोट देने का अधिकार खो देते हैं, तो इसका कितना बड़ा नुकसान होगा। भाजपा को यह लगा होगा कि गरीब, अल्पसंख्यक, दलित, पिछड़े वर्ग के वोट बड़ी संख्या में कटेंगे और उसका नुकसान केवल महागठबंधन को होगा, लेकिन हो सकता है कि दूसरे के लिए खोदे जा रहे गड्ढे में खुद भाजपा भी धंस जाए।

एनडीए में भाजपा के साथी दल भी इस कवायद से होने वाले नुकसान को समझ रहे थे, लेकिन खुल कर कहने की हिम्मत नहीं दिखा रहे थे। खास तौर पर जनता दल यूनाइटेड के कई नेताओं का मानना था कि इस तरह की दस्तावेज की शर्तों से उनके अति पिछड़े और महिला वोटरों पर काफी बुरा असर पड़ेगा। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने सरकारी कर्मचारी/पेंशनर पहचान पत्र, जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, मैट्रिक का सर्टिफिकेट, डोमिसाइल, वन अधिकार और ओबीसी, एससी, एसटी प्रमाणपत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, पारिवारिक रजिस्टर, और जमीन या मकान आबंटन प्रमाणपत्र इन दस्तावेज के आधार पर वोटर को वैध या अवैध निश्चित करने का फैसला लिया। इसमें कहीं भी आधार कार्ड, पैन कार्ड, मनरेगा या राशनकार्ड का जिक्र नहीं था। जबकि हिंदुस्तान की कम से कम 90 प्रतिशत आबादी अपनी पहचान बताने के लिए इन्हीं में से किसी एक कागज को दिखाती है। कोरोना वैक्सीन लगवाने से लेकर, स्कूल-कॉलेज में दाखिला, बैंक खाता खोलने, पासपोर्ट बनवाने या हवाईजहाज से सफर करने तक हर जगह पहचान के नाम पर आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशनकार्ड ही दिखाया जाता है। जिन दस्तावेज को रहने, खाने, काम करने, सफर करने, आजीविका के लिए जरूरी माना गया, उनमें से किसी को भी वोट डालने के लिए जरूरी क्यों नही माना गया, यह सवाल भी उठा। अगर चुनाव आयोग किसी को वोट देने के योग्य नहीं मानेगा, तो इसका मतलब है कि वह इन्हें भारत का नागरिक भी नहीं मानेगा। इसमें एक बड़े चुनावी घोटाले की बू आई, जिसके बाद ही विपक्ष ने बड़ी तेजी से इस मसले पर मोर्चा खोला और अब इसमें उसे जीत भी मिली है।

25 जून से लागू हुए इस आदेश में रोजाना की तब्दीलियां हो रही हैं, जो बता रही हैं कि इस फैसले को हड़बड़ी में लिया गया है। ठीक वैसे ही जैसे आधी रात को संसद लगाकर जीएसटी तो लागू की गई थी, फिर रोजाना नियम बदले जाते थे। जब नोटबंदी लागू की गई, उसके बाद भी यही आलम रहा कि बार-बार नियम बदले गए और अब मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान में भी यही हो रहा है। ताजा बदलाव यही है कि अब दस्तावेज दिखाना ही जरूरी नहीं है।

मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग के तेवर कई बार ढीले पड़े हैं लेकिन याद रखने की बात यह है कि अब भी इसने इसमें एक पेच लगा रखा है। चुनाव आयोग के विज्ञापन में यह बात बताई गई है कि अगर आप जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराते हैं तो निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी यानी ईआरओ को आवेदन को प्रोसेस करने में आसानी रहेगी। इसके ठीक बाद चुनाव आयोग का विज्ञापन कहता है कि अगर आप जरूरी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाते हैं तो निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी यानी ईआरओ द्वारा स्थानीय जांच या अन्य दस्तावेज के साक्ष्य के आधार पर निर्णय लिया जा सकेगा। यानी अब दस्तावेज देना ज़रूरी तो नहीं रहा लेकिन अगर चुनाव आयोग का अधिकारी यह मान ले कि आपको दस्तावेज की जरूरत है तो उसे देना पड़ेगा।

यानी खिलवाड़ की गुंजाइश अब भी है, मगर इस बीच बिहार में 9 जुलाई को मतदाता सूची अपडेशन के खिलाफ चक्काजाम का ऐलान विपक्ष ने किया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव इस मामले में तीखे तेवर दिखा रहे हैं। कांग्रेस, राजद, वामदल समेत सारा विपक्ष ताल ठोंक कर मैदान में आ चुका है। तो अब उम्मीद बंध गई है कि बिहार में चुनाव की वो चोरी नहीं हो पाएगी, जिसके आरोप राहुल गांधी ने महाराष्ट्र और हरियाणा चुनाव में लगाए हैं और बिहार में इसी की आशंका जाहिर की थी।

# आंशिक फैसला वापस मगर विपक्ष को पूर्ण फैसला वापसी तक लड़ना होगा

हम थोड़ा संभल कर कह रहे हैं कि गलत काम करने वाले डरपोक होते हैं। तेजस्वी यादव ने तो अभी सीधे कायर कह दिया और असर दिखने लगा है। तेजस्वी ने कहा तो मीडिया को है। बहुत ही सख्त भाषा में देश और बिहार को बर्बाद कर दिया। बिके हुए लोग हैं। बेशर्म। चुनौती दी कि अख़बार लाओ। दिखाओ कितनी जगह विपक्ष को दी है कितनी भाजपा को। बायकाट की चेतावनी दी। क्या नहीं कहा। सब कह दिया। यह भी कि देश को बर्बाद करने में सबसे बड़ी भूमिका मीडिया की है और मैं तुम्हारे एडीटर फेडिटर किसी से नहीं डरता। नेता के कहने का असर होता है और उसका तो बहुत ज्यादा जिसके पास बड़ी तादाद में मजबूत समर्थक हों। तेजस्वी ने कहा कि हम अपने समर्थकों से कह देंगे गांव में अख़बार नहीं घुस पाएगा। सही बात है। मुलायम सिहं यादव ने यूपी में किया था- हल्ला बोल के नाम से। जिस अख़बार के खिलाफ किया था उसे माफी मांगना पड़ी थी।

तो असर मीडिया में तो इतनी जल्दी दिखेगा नहीं। क्योंकि विपक्ष की ही कुछ बड़ी पार्टियों के नेता उन्हें पुचकारते रहते हैं। अपने स्वार्थ से कि हमारा चेहरा दिखाते रहो। बाकी देश के बर्बाद करना या हमारी पार्टी के नेता को ही बदनाम करना जो भी करना है करते रहो। अभी राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी ने एक गंदा अभियान चलाया। बिहार से ही संबंधित है। महिलाओं को बांटे जाने वाले सेनेटरी पेड़ पर राहुल का फोटो चिपका कर राहुल के बारे में अनाप शनाप लिखा गया। पूरी तरह फर्जी फोटो था मगर कांग्रेस द्वारा समय पर काउंटर नहीं करने से उसी तरह लोगों ने यकीन कर लिया जैसे इस बात पर कर लिया था कि राहुल ने आलू से सोना बनाने की बात कही है।

खुद कांग्रेस के लोगों ने कहा था कि देखिए राहुल कैसी बात कर रहे हैं। उस समय के मीडिया संभालने वालों ने कोई प्रतिकार नहीं किया कि वीडियो फर्जी है। बाद में उसे बनाने वाली ऐजेंसी ने भी माना कि उसे पैसे देकर यह फर्जी वीडियो बनवाया गया था। मगर कांग्रेस ने उस वीडियो के खंडन में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। वैसे ही आज भी सोशल मीडिया के दूसरे एक्टीविस्टों ने इस सेनेटरी पेड़ वाली खबर की झूठ का पर्दाफाश करने की कोशिश की। मगर बीजेपी की आईटी सेल की बड़ी ताकत के सामने छुट-पुट कोशिशें कितनी कामयाब हो सकती हैं?

जैसा अभी तेजस्वी ने किया वैसे ही राहुल भी मीडिया को आईना दिखाते रहते हैं। मगर फर्क यह है कि तेजस्वी की पार्टी का कोई आदमी अकेले में मीडिया से यह नहीं कह सकता कि अरे छोड़िए वह तो ऐसे ही कहते रहते हैं। कांग्रेस में तो बुला-बुला कर मीडिया को राहुल के खिलाफ बताया जाता है और पत्रकार कांग्रेस के बड़े पदाधिकारियों से कहते हैं कि आप राहुल को क्यों नहीं समझाते?

कांग्रेस में राहुल का यह संघर्ष बड़ा है कि वह अपनी पार्टी के होस्टाइल ( राहुल की नीचा दिखाने वाले) नेताओं के बीच रहकर इतने शांत और संयत बने रहते हैं। कांग्रेस के नेताओं की मजबूरी है कि बिना राहुल के पार्टी एक रह नहीं सकती। नहीं तो वे राहुल को ही यह आरोप लगाकर पार्टी के बाहर कर सकते हैं कि यह आदमी मीडिया की बहुत आलोचना करता है। मीडिया उनके लिए सगी हो जाएगी और राहुल सौतेले!

खैर बात तेजस्वी की थी। उन्होंने मीडिया को जिस तरह टाइट किया उसका असर चुनाव आयोग पर भी दिखा। हमने पहले ही कहा था डीबी लाइव पर बात करते हुए भी और अखबारों में लिखते हुए भी कि चुनाव आयोग को यह असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक फैसला वापस लेना पड़ेगा। एक महीने में आठ करोड़ लोगों के वोटों की जांच संभव ही नहीं है। और मूल सवाल विधानसभा चुनाव के तीन महीने पहले ही क्यों याद आया आपको? पत्रकार इसको नहीं लिख रहे कि बरसात में बिहार की सबसे बड़ी खबर बाढ़ ही हुआ करती है। कौन सा अख़बार, टी वी चैनल है जो हर साल बिहार की बाढ़ की भयावह खबरें नहीं छापता नहीं दिखाता? जहाज से सहायता पहुंचाना बाढ़ से घिरे पानी में पेड़ के ऊपर चढ़े आदमी और साथ में सांप तक दिखाना। मगर अब कोई नहीं लिख रहा कि बरसात के मौसम में यह विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर) कैसे होगा?

बहरहाल तेजस्वी का रौद्र रूप देखकर मीडिया तो सहमा ही चुनाव आयोग भी घबरा गया। पटना में जब तेजस्वी बिहार चुनाव आयुक्त से मिलने गए तो समर्थकों की भारी भीड़ उनके साथ थी। नारे लगाती हुई उस भीड़ का आक्रोश देखकर कोई भी समझ सकता था कि लोग किस मूड में हैं। तेजस्वी से मुलाकात के अगले दिन ही शनिवार को चुनाव आयोग को कहना पड़ा कि बीएलओ द्वारा बांटे गए फार्म के साथ कोई दस्तावेज जरूरी नहीं हैं। केवल साइन करके वैसे ही फार्म जमा करा दें। इससे पहले पासपोर्ट जैसे डाक्यूमेंट मांगे गए थे और आधार को अमान्य कर दिया था। यह फैसला वापस लेने की शुरूआत है। 9 जुलाई बुधवार को विपक्षी दलों ने बिहार बंद का आह्वान किया है। जैसा माहौल है उसे देखते हुए बंद अभूतपूर्व होगा। मीडिया, चुनाव आयोग और भाजपा सब समझ रहे हैं। और यह भी कि अगर ऐतिहासिक बंद हो गया तो महागठबंधन को चुनाव डिक्लेयर होने से पहले ही निर्णायक बढ़त मिल जाएगी।



शकील अख्तर

> भाजपा के मनुवाद और जिसे अभी तेजस्वी ने कहा सामंतवाद के कारण उससे दूर रहते हैं। भाजपा फंस गई है। पहलगाम के आतंकवादी हमले फिर अचानक सीज फायर और उसके बाद सेना द्वारा लगातार यह बताए जाने कि किस तरह भारत अकेला पड़ गया था मोदीजी का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा है। उनकी बातें बेअसर होने लगी हैं।

जनता फैसला करती है मुख्यमंत्री का चेहरा कौन? तेजस्वी के इस समय के फार्म के सामने नीतीश कुमार का थका-मांदा चेहरा नहीं चलेगा। और भाजपा में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह अपना कोई चेहरा अभी से सामने ला सके। अगर भाजपा ने ऐसा किया तो नीतीश का समर्थक एकदम से उससे टूट जाएगा। और बिना नीतीश के जनाधार के भाजपा के लिए महागठबंधन से लड़ना बहुत मुश्किल है। भाजपा और चुनाव आयोग ने यह गहन पुनरीक्षण उन वोटों को छांटने के लिए किया था जो गरीब कमजोर हैं, दलित महादलित, पिछड़े महापिछड़े हैं, काम करने के लिए बिहार के बाहर गए हुए हैं। आमतौर पर लोग समझ रहे थे कि यह मुस्लिम वोट काटने के लिए है। मगर बिहार की जैसी राजनीति है वहां सत्ता पक्ष ही मुस्लिम वोट काटने नहीं देगा। नीतीश के 20 साल मुख्यमंत्री बने रहने में मुस्लिम वोटों का बड़ा हाथ है। सत्ता पक्ष की दूसरे बड़े नेता चिराग पासवान को भी मुस्लिम वोटों का सहारा है। इसके अलावा जीतनराम मांझी की पार्टी, उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी को भी मुस्लिम वोट मिलता है। इसलिए तलवार वहां मुस्लिम पर कम और उन दलित पिछड़े समुदायों पर ज्यादा लटकी है।

जो भाजपा के मनुवाद और जिसे अभी तेजस्वी ने कहा सामंतवाद के कारण उससे दूर रहते हैं। भाजपा फंस गई है। पहलगाम के आतंकवादी हमले फिर अचानक सीज फायर और उसके बाद सेना द्वारा लगातार यह बताए जाने कि किस तरह भारत अकेला पड़ गया था मोदीजी का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा है। उनकी बातें बेअसर होने लगी हैं। विदेश नीति की असफलता सबको दिखने लगी है।

ऐसे में बिहार चुनाव मोदी जी के लिए बड़ी परीक्षा है। उसी के लिए यह गहन परीक्षण की स्कीम लाई गई थी मगर अब यह उलटी पड़ गई है। चुनाव आयोग भारी दबाव में है। देखना है कब तक वह अपने फैसले पर कायम रह पाता है। आंशिक शुरूआत तो हो गई है फैसला वापस लेने की। लेकिन विपक्ष को पूर्ण फैसला वापसी से पहले अपने तेवर ढीले नहीं करना चाहिए। तभी उसे इसका फायदा विधानसभा चुनाव में मिल पाएगा।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# नरेंद्र मोदी के 11 साल के शासन ने भी लोकतंत्र और मानवाधिकारों पर किया आघात

जून 2025 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अधीन देश ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ मनायी, जिसे इंदिरा गांधी ने 1975 में लगाया था। इस अवधि के बारे में बहुत कुछ लिखा गया है, जब कई लोकतांत्रिक स्वतंत्रताएं निलंबित कर दी गयी थीं, हजारों लोगों को जेल में डाल दिया गया था और मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इस अवधि को कुछ दलित नेता बहुत अलग तरीके से देखते हैं, जो पिछले दशक में इंदिरा गांधी द्वारा उठाये गये क्रांतिकारी कदमों जैसे बैंकों के राष्ट्रीयकरण और प्रिवीपर्स को खत्म करने को याद करते हैं। अब, जबकि बहुत कुछ लिखा जा चुका है, तब उसका नये सिरे से विश्लेषण किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर भारत सरकार के केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उस अवधि की निंदा करते हुए तथा आपातकाल की घटना के विरोध में बलिदान देने वालों की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। इसमें 'अनगिनत व्यक्तियों के बलिदान को याद करने तथा उनका सम्मान करने का संकल्प लिया गया, जिन्होंने आपातकाल तथा भारतीय संविधान की मूल भावना को नष्ट करने के प्रयास का बहादुरी से विरोध किया, एक ऐसा विध्वंस जिसकी शुरुआत 1974 में नवनिर्माण आंदोलन तथा सम्पूर्ण क्रांति अभियान को कुचलने के एक कठोर प्रयास से हुई थी।'



डॉ. राम पुनियानी

> आज जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल और आरएसएस 1975 के आपातकाल का विरोध करने का सारा श्रेय ले रहे हैं, वर्तमान शासन दूसरे तरीकों से उसी आपातकाल को थोप रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत में लोकतंत्र का सूचकांक लगातार गिरता जा रहा है। भारत में वर्तमान में जो अघोषित आपातकाल है, उस पर आत्मचिंतन करने और उससे उबरने की आवश्यकता है।

भाजपा उस अवधि के 21 महीनों के दौरान अपनी 'महान भूमिका' पर बहुत जोर दे रही है। यह आरएसएस के उन दावों से मेल खाता है, जिसमें कहा गया है कि आपातकाल का विरोध करने वाली प्रमुख ताकत वे ही थे परन्तु इसके अधिकांश अन्य दावों की तरह यह दावा भी सत्य के किसी भी तत्व से रहित है।

कुछ गंभीर पत्रकारों के प्रयासों तथा कुछ लोगों द्वारा पुस्तकों की खोज से एक और कहानी सामने आती है। पत्रकारिता के दिग्गजों में से एक प्रभाष जोशी ने लिखा, 'तत्कालीन आरएसएस प्रमुख बालासाहेब देवरस ने इंदिरा गांधी को एक पत्र लिखकर संजय गांधी के कुख्यात 20सूत्री कार्यक्रम को लागू करने में मदद करने का वचन दिया था। यह आरएसएस का असली चरित्र है' आप एक कार्यशैली, एक पैटर्न को समझ सकते हैं। आपातकाल के दौरान भी, जेल से बाहर आए आरएसएस और जनसंघ के कई लोगों ने माफ़ीनामा (माफ़ीनामा) दिया। वे सबसे पहले माफ़ी मांगने वाले थे- 'अटल बिहारी वाजपेयी( अधिकांश समय अस्पताल में) थे' लेकिन आरएसएस ने आपातकाल का मुकाबला नहीं किया। तो भाजपा उस स्मृति को अपने नाम करने की कोशिश क्यों कर रही है?' वे निष्कर्ष निकालते हैं कि 'वे कोई लड़ाकू ताकत नहीं हैं, और वे कभी भी लड़ने के लिए उत्सुक नहीं होते हैं। वे मूलरूप से समझौता करने वाले लोग हैं। वे कभी भी वास्तव में सरकार के खिलाफ नहीं होते हैं'।

उत्तर प्रदेश और सिक्किम के राज्यपाल रह चुके टीवी राजेश्वर ने 'इंडिया: द क्रूशियलइयर्स' (हार्परकॉलिन्स द्वारा प्रकाशित) नामक पुस्तक लिखी है, जिसमें उन्होंने इस तथ्य की पुष्टि की है कि 'न केवल वे (आरएसएस) इस (आपातकाल) के समर्थक थे, बल्कि वे श्रीमती गांधी के अलावा संजय गांधी से भी संपर्क स्थापित करना चाहते थे।'

जबकि कई समाजवादी और कम्युनिस्ट जेल की सजा काट रहे थे, आरएसएस के कार्यकर्ता जेल से रिहा होने के लिए बेचैन थे। भाजपा के सुब्रमण्यम स्वामी ने द हिंदू में एक लेख में आपातकाल की कहानी सुनाई जो 13 जून 2000 को प्रकाशित हुई थी। उन्होंने दावा किया कि आरएसएस प्रमुख बालासाहेब देवरस और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इंदिरा गांधी को माफी के पत्र लिखकर आपातकाल विरोधी आंदोलन को धोखा दिया। 'महाराष्ट्र विधानसभा की कार्यवाही में यह रिकॉर्ड पर है कि तत्कालीन आरएसएस प्रमुख बालासाहेब देवरस ने पुणे की यरवदा जेल के अंदर से इंदिरा गांधी को कई माफी पत्र लिखे, जिसमें जेपी के नेतृत्व वाले आंदोलन से आरएसएस को अलग कर दिया और कुख्यात 20-सूत्री कार्यक्रम के लिए काम करने की पेशकश की। उन्होंने उनके किसी भी पत्र का उत्तर नहीं दिया।' (भारत को पुनर्जीवित करने के अपने प्रयास में आपातकाल लागू करने को सही ठहराने के लिए कांग्रेस शासन द्वारा 20सूत्री कार्यक्रम और संजय गांधी के पांच सूत्री कार्यक्रम का हवाला दिया जाता है)।

मेरे एक मित्र, राष्ट्र सेवा दल के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुरेश खैरनार भी इस दौरान जेल में थे। जब उन्होंने आरएसएस कार्यकर्ताओं को माफ़ीनामे पर हस्ताक्षर करते देखा, तो वे इस विश्वासघात के कृत्य पर क्रोधित हो गये और उनसे भिड़ गये। अपनी शैली के अनुसार उन्होंने कहा कि वे जो कर रहे हैं वह तात्याराव (वीडी सावरकर) द्वारा अपनाये गये मार्ग के अनुसार है। हिंदू राष्ट्रवादियों की रणनीतियों के बारे में यह सच है!

यह भी याद रखें कि जब ए.बी.वाजपेयी को आगरा के पास बटेश्वर में जंगल सत्याग्रह में भाग लेने वाले जुलूस की निगरानी करते समय गिरफ्तार किया गया था, जिसमें सरकारी भवन से यूनियन जैक को हटा दिया गया था और तिरंगा फहराया गया था। वाजपेयी ने तुरंत एक पत्र लिखा और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन से खुद को अलग कर लिया। उन्हें तुरंत रिहाई मिल गयी। इस विचारधारा के अनुयायियों के चरित्रों को प्रभाष जोशी ने अच्छी तरह से चित्रित किया है।

जहां एक ओर उनकी मौखिक भाषा आक्रामक और जोरदार होती है वहीं व्यवहार में वे बिल्कुल अलग होते हैं। जब 1998 में वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए सरकार थी, तब मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने अंतर महसूस किया था। अब तक मानवाधिकारों के लिए प्रतिबद्ध कई कार्यकर्ता कांग्रेस और भाजपा को एक ही सिक्के के दो पहलू मानते थे। उनके शासन के इस दौर ने हममें से कई लोगों की आंखें खोल दीं कि भाजपा एक अलग पार्टी है। यह इस तथ्य के बावजूद था कि उस समय भाजपा के पास अपने दम पर पूर्ण बहुमत नहीं था।

अब नरेन्द्र मोदी करीब ग्यारह साल से प्रधानमंत्री के रुप में सत्ता में हैं। 2014 और 2019 में उन्हें पूर्ण बहुमत मिला। इस पूर्ण बहुमत के साथ उनकी साख का असली रंग जोर से सामने आ गया है। जहां एक ओर आपातकाल ने उसे लागू करने वाली नेता इंदिरा गांधी को सत्ता से बेदखल कर दिया, जबकि आपातकाल संविधान के प्रावधानों के तहत था, अब हम नरेन्द्र मोदी का एक 'अघोषित आपातकाल' देख रहे हैं। 2015 में इंडियन एक्सप्रेस के शेखर गुप्ता को दिये गये एक साक्षात्कार में लालकृष्ण आडवाणी ने कहा था, 'आज (उस समय) आपातकाल की घोषणा हुए 40 साल हो चुके हैं। लेकिन पिछले एक साल से भारत में अघोषित आपातकाल चल रहा है।' ('इंडियन एक्सप्रेस' दिनांक 26-27 जून 2015)।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर पूरी तरह से अंकुश लगा दिया गया है। सच बोलने की हिम्मत करने वाले कई लोगों को जेल में डाल दिया गया है। धर्म की स्वतंत्रता का हनन हो रहा है। न्याय की जगह बुलडोजर न्याय ले रहा है। लव जिहाद, गोमांस के बहाने अल्पसंख्यकों को डराना-धमकाना और प्रताड़ित करना घृणित है। भीमा कोरेगांव मामले में कई प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया गया है। उमर खालिद, गुलफिशा फातिमा जैसे मुस्लिम कार्यकर्ता जेल में बंद हैं, जबकि उनके मामलों की सुनवाई नहीं हो रही है। कॉरपोरेट नियंत्रित मीडिया सरकार की नीतियों की पैरवी करने और असहमति की आवाजों को दबाने के लिए हमेशा तैयार रहता है।

आज जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल और आरएसएस 1975 के आपातकाल का विरोध करने का सारा श्रेय ले रहे हैं, वर्तमान शासन दूसरे तरीकों से उसी आपातकाल को थोप रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत में लोकतंत्र का सूचकांक लगातार गिरता जा रहा है। भारत में वर्तमान में जो अघोषित आपातकाल है, उस पर आत्मचिंतन करने और उससे उबरने की आवश्यकता है।

## ललित सुरजन की कलम से



### चुनावी हार को जीत में बदलने की तरकीबें

*'चुनाव के दौरान अपने पक्ष में माहौल तो बनाना ही पड़ता है। यह काम भी अब सीधे-सादे तरीके से कोई नहीं करता। अनेक चतुर सुजान अपने दूतों को विरोधी पक्ष के मतदाताओं के पास पठाते हैं। वे जाकर बताते हैं कि उनकी तो हार हो रही है, भैयाजी या नेताजी बात ही नहीं सुनते, इत्यादि। इससे सामने वाले के गफलत में पड़ जाने की संभावना बन जाती है। जब उनके ही लोग हार मान बैठे हैं तो हमें कुछ करने की क्या जरूरत है? हमें तो जनता खुद ही जिता रही है। बस, इसी खुशफहमी में पत्ता साफ। यह तो एक तरकीब है। इससे बढ़कर महीन तरकीब चुनाव पूर्व सर्वे के इस्तेमाल की है। पहले किसी पार्टी या प्रत्याशी की जीत का अनुमान पेश करो, फिर कुछ दिन बाद उस के हारने का अनुमान घोषित कर दो। प्रत्याशी का और उसके पक्षधर मतदाताओं का मनोबल तोड़ने, उन्हें हतोत्साह करने की यह तरकीब कई बार सफलतापूर्वक आजमाई गई है। राजनैतिक दल इन सर्वे करने वालों और उन्हें प्रकाशित-प्रचारित करने वालों का ऐहसान चुकाने में कोई कमी नहीं रखते।'*

**( देशबन्धु में 10 नवंबर 2018 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/11/blog-post_9.html

## आपके पत्र

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता का यंत्र

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आज नई रचनात्मकता का माध्यम बन चुकी है, पर यह बहस का विषय है कि क्या यह नवाचार, रचनाकारों की मेहनत की चोरी पर टिका है? अमेरिका में अदालतों ने एआई द्वारा 'सीखी गई' सामग्री को उचित प्रयोग माना, पर रचनाकार असंतुष्ट हैं। भारत में समाचार एजेंसी एएनआई ने ओपनएआई के खिलाफ कॉपीराइट उल्लंघन की शिकायत की है। देश में मौजूदा कानून इस तकनीकी चुनौती के लिए नाकाफी हैं। भारत को चाहिए कि वह अपने बौद्धिक संपदा कानूनों को अद्यतन करे ताकि तकनीकी विकास के साथ रचनात्मक अधिकारों की भी रक्षा हो सके।

जनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले मॉडल — जैसे कि ओपनएआई का चैटजीपीटी या मेटा का लामा — करोड़ों पुस्तकों, वेबसाइटों, गीतों, समाचारों और चित्रों का अध्ययन करके प्रशिक्षित किए जाते हैं। इनका प्रशिक्षण इस तरह होता है जैसे कोई छात्र पुस्तकें पढ़कर ज्ञान प्राप्त करता है, लेकिन यह छात्र उस पुस्तक को पढ़ने से पहले लेखक से न अनुमति लेता है, न ही लेखक को श्रेय या पारिश्रमिक देता है। यहीं से विवाद आरंभ होता है।

2024 में अमेरिका में पहला मामला आया जिसमें कुछ उपन्यासकारों ने कंपनी 'एंथ्रॉपिक' पर आरोप लगाया कि उसने उनकी पुस्तकों का उपयोग अपने कृत्रिम बुद्धिमत्ता मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए किया। लेखकों का कहना था कि यह उनकी बौद्धिक संपदा का उल्लंघन है। परंतु अदालत ने निर्णय दिया कि यह मॉडल जो नई सामग्री उत्पन्न कर रहा है, वह मूल रचना से अलग, नया और परिवर्तित है। इसलिए यह 'उचित प्रयोग' की श्रेणी में आता है और कंपनी को अपराधी नहीं माना जा सकता।

दूसरे मामले में कंपनी मेटा पर साहित्य और पत्रकारिता सामग्री को बिना अनुमति इस्तेमाल करने का आरोप था। अदालत ने माना कि कंपनी ने सचमुच संरक्षित रचनाएं पढ़ी थीं, लेकिन उसका उद्देश्य कुछ नया सीखना और बनाना था, इसलिए इसे भी 'परिवर्तनकारी उपयोग' मानते हुए मेटा को दोषमुक्त कर दिया गया।

इन दोनों फैसलों से एक संदेश यह गया कि न्यायालय फिलहाल तकनीकी नवाचार को प्राथमिकता दे रहे हैं, लेकिन लेखक समुदाय और बौद्धिक श्रमिकों के मन में यह सवाल घर करता जा रहा है कि यदि यह 'उचित प्रयोग' है, तो उनकी मेहनत, मौलिकता और अधिकारों का क्या?

अब दृष्टि भारत की ओर मोड़ते हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने वर्ष 2024 में ओपनएआई पर आरोप लगाया कि उसके संवाद आधारित मॉडल (जैसे चैटजीपीटी) उनकी समाचारों की भाषा, शैली और विषय-वस्तु की हूबहू नकल कर रहा है। इसके अलावा प्रकाशक संघों ने भी आरोप लगाए कि भारत में कॉपीराइट पंजीकरण की अनदेखी कर इन एआई कंपनियों ने भारतीय सामग्री का व्यावसायिक दोहन किया। ओपनएआई का पक्ष यह था कि वह भारत में न तो अपने सर्वर चलाता है, न ही उसका कोई स्थायी कार्यालय है। उसका तर्क था कि उसकी तकनीक कुछ नया, परिवर्तित और जनहित में उपयोगी सामग्री तैयार करती है— और यह बौद्धिक चोरी नहीं कहलाती।

यह मामला अब दिल्ली उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, और इसकी सुनवाई जुलाई के पहले सप्ताह में निर्धारित है। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारत में अब यह बहस न्यायिक गलियारों में पहुंच चुकी है। प्रश्न यह है कि क्या भारत का मौजूदा बौद्धिक संपदा कानून इस नई तकनीकी चुनौती के लिए तैयार है? 1957 में बनाए गए कॉपीराइट अधिनियम में 'उचित प्रयोग' की धारणा है, पर उसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे मामलों की स्पष्ट व्याख्या नहीं है। ना ही भारत में ऐसा तंत्र है जो यह जांच सके कि कोई एआई मॉडल प्रशिक्षण के लिए किन सामग्रियों का उपयोग कर रहा है और वे सामग्री कॉपीराइट के अंतर्गत आती हैं या नहीं।

**- प्रियंका सौरभ**

## गुरूवाणी विचार

### भक्त कबीरदास

देही गांवा जीओ हर महतौ बसहि पंच किरसाना
नैनू नकह सुवण रसपति इंद्रो कहिआ न माना
बाबा अब न बसहो ऐह गांवो
घड़ी घड़ी का लेखा मांगे काहिथ चेते नांवो।

गुरुवाणी की इन पंक्तियों द्वारा भक्त कबीर दास जी मानव मन को समझाईश देते हुए फरमा रहे हैं कि हमारा यह शरीर मानो एक नगर है और इसमें जो जीवात्मा है वह इस नगर की चौधरी है, मुखिया हैं, लंबरदार है। इस शरीर रूपी नगर में पांच किसान रूपी आंखें, नाक, कान, जीभ और इंद्रिय विरारजमान है। यह पांचों ही किसान अपने मालिक मुखिया का कहना न मानते हुए उसे उलटी ही सलाह देते रहते हैं और अपनी मनमानी करते रहते हैं। चौधरी आंखों को आदेश देता है कि ये मेरे नेत्रों तुम हर वक्त प्रभु परमात्मा का ध्यान लगाया करो।

ये नेत्रों मेरियो हर तुममें जोति, धरी हरि
बिन अवर ने देखो कोई।

नेत्र है कि मुखिया का कहना न मानते हुए अपनी मनमानी करते हैं और प्रभु परमात्मा का ध्यान न लगाते हुए सांसारिक नाटक - चेटकों में टीवी इत्यादि में ही गलतान रहते हैं। कानों को चौधरी कहता है कि प्रभु संकीर्तन सुना करो पर वे ठीक इसके विपरीत पराई निंदा चुगली सुनने में ही मस्त रहते हैं।

ऐ सरवनो मेरियो साचै सुनने नूं पठाये।
सरीर लाये सुनो सत वाणी।।

वह उसे सुनने को तैयार ही नहीं रहते। फिर जीभ को आदेश देता है कि अपने स्वादों में भी हर वक्त मत लगे रहा कर थोड़ा बहुत प्रभु गुण भी बखान कर लिया कर। क्योंकि प्रभु गुण गान करते रहने पर ही तेरा कल्याण हो सकता है पर जीभ भी चौधरी का कहना न मानते हुए मनमानी करती है और सिमरन बंदगी करने से कतराती है। हर तरह के व्यंजनों के स्वाद चखने में ही लगी रहती है। इसी तरह नाक और इंद्रिय चौधरी का कहना न मानते हुए सांसारिक विषय विकारों में ही गलतान रहती है और बुरी संगत में ही फंसी रहती है। इसीलिए भक्त कबीर जी प्रभु परमात्मा से बिनती कर रहे हैं कि ऐ मेरे परमात्मा मैं इस तरह के गांव में नहीं रहना चाहता क्योंकि यहां हर क्षण तो मेरी आज्ञा का उल्लंघन हो रहा है। मैं इस बात को अच्छी तरह जानता हूं कि आपके यहां मेरे द्वारा किए जा रहे क्षण प्रतिक्षण उल्लंघन हो रहा है। मैं अच्छी तरह जानता हूं कि आपके यहां मेरे द्वारा किए जा रहे कर्मों का लेखा-जोखा धर्मराज की कचहरी में चित्रगुप्त जी के द्वारा रखा जा रहा है तो चब ये मेरे किसान पांचों मेरा कहना न मानते हुए उलटा ही काम कर रहे हैं तब मैं आपकी कचहरी में कहां से उजले मुख आ पाऊंगा। इसलिए मैं इस गांव में नहीं रहना चाहता।

प्रभु परमात्मा ने मानुस देही देकर उसके किसी पूर्व जनम के पुण्य फल के कारण इस धरा पर भेजा है अतएव हर इंसान का कर्तव्य बनता है कि वह अपनी मानव देही पाने का संपूर्ण लाभ उठा ले ताकि वह फिर प्रभु परमात्मा के सांचे दरबार में उजले मुख से जा सके तभी उसका मानव देही पाना सार्थक हो सकेगा। हमें चाहिए कि इन पांचों इंद्रियों को अपने वश में कर रखें और उन्हें अपनी मर्जी न करने दे। उन पर काबू पाकर प्रभु सिमरन बंदगी में अपना ध्यान लगावें। प्रारंभ में थोंड़ी दिक्कत जरूर आ सकती है पर धीरे-धीरे उन पर काबू पाया जा सकता है और फिर एक बार काबू हो जाने पर रसना समझने लगेगी कि कीरत प्रभु की गावो मेरी रसना।

तुम करो दया मेरे साईं
ऐसी बुद्धि करो परमात्मा
सदा सदा तुध धिआई।।

**-ईंदर सिंह आहुजा**

# खेल जगत

## इंग्लैंड हमारी पेस बैटरी से भयभीत: अशोक डिंडा

**कोलकाता।** भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया है। एजबेस्टन टेस्ट के अंतिम दिन टीम इंडिया जीत से महज सात विकेट दूर है। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज अशोक डिंडा का मानना है कि इंग्लैंड, मेहमान टीम के पेस अटैक से डर गया है। अशोक डिंडा ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा कि भारत का सामना करना इंग्लैंड के लिए बहुत बड़ा चैलेंज होगा। इंग्लैंड की गेंदबाजी अब पहले जैसी नहीं रही, जैसी स्टुअर्ट ब्रॉड और जेम्स एंडरसन के समय रहा करती थी। उनके पास भी नए गेंदबाज हैं। हमारे पास शानदार पेस अटैक है। इंग्लैंड को हमारी पेस बैटरी से डर है। आकाश दीप को जसप्रीत बुमराह के स्थान पर दूसरे टेस्ट में मौका मिला, जिसे उन्होंने बखूबी भुनाया। आकाश दीप ने मुकाबले के चौथे दिन तक दोनों पारियों में कुल छह विकेट अपने नाम किए हैं।



# भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ बनाई मजबूत पकड़, जीत से चार कदम दूर



**बर्मिंघम,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। आकाश दीप (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन रविवार को भोजनकाल तक इंग्लैंड के 153 पर छह विकेट झटककर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

■ आकाश दीप ने कमाल की गेंदबाज़ी करते हुए दो विकेट निकाले

भारत को लंच से ठीक पहले वाशिंगटन सुंदर ने स्टोक्स का विकेट दिलाया, जो भारतीय टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। इस सेशन की शुरुआत में पहले आकाश दीप ने कमाल की गेंदबाज़ी करते हुए दो विकेट निकाले। लेकिन उसके बाद स्टोक्स और स्मिथ के बीच 70 रनों की अच्छी साझेदारी हुई लेकिन लंच से ठीक पहले स्टोक्स आउट हो गए। अब इंग्लैंड पूरी तरह से इस मैच को ड्रॉ कराने का प्रयास करेगा लेकिन भारत जीत के काफ़ी क़रीब दिख रहा है। इंग्लैंड ने कल के तीन विकेट पर 72 रन से आगे खेला शुरु किया। इंग्लैंड ने महज आठ रन जोड़कर अपना चौथा विकेट ऑली पोप (24) के रूप में गंवा दिया। ऑली पोप को आकाश दीप ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद आकाश दीप ने 22वें ओवर में हैरी ब्रूक (23) को पगबाधा कर भारत को पांचवी सफलता दिलाई। भारत को छठी सफलता वॉशिंगटन सुंदर ने कप्तान बेन स्टोक्स (33) को पगबाधा आउट कर दिलाई। भोजनकाल तक इंग्लैंड ने छह विकेट पर 153 रन बना लिये है और जेमी स्मिथ (नाबाद 32) क्रीज पर मौजूद है। इंग्लैंड को मैच जीतने के लिए जहां 455 रनों की दरकार है। वहीं भारत को चार विकेट चटकाने होंगे। भारत की ओर से आकाश दीप ने चार विकेट लिये। मोहम्मद सिराज और वॉशिंगटन सुंदर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले भारत ने पहली पारी में 587 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था। वहीं इंग्लैंड ने पहली पारी में 407 रन बनाये थे। भारत ने दूसरी पारी छह विकेट पर 427 के स्कोर पर घोषित कर दी थी।

## मोर्कल ने मोहम्मद सिराज और आकाश दीप की जमकर तारीफ की



**बर्मिंघम।** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्न मोर्कल ने मोहम्मद सिराज और आकाश दीप की जमकर तारीफ़ की, जिन्होंने मिलकर 13 विकेट लिए हैं, जिससे भारत को पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर करने का शानदार मौका मिला है। भारत को इंग्लैंड को 608 रन का लक्ष्य देने के बाद अंतिम दिन सात विकेट की जरूरत है। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारत ने यह कर दिखाया है, जिससे मोर्कल और भी खुश हैं। मोर्कल ने कहा कि अभी तक मैं बहुत-बहुत खुश हूं। पिछले टेस्ट के बाद हमने इस बारे में गहन चर्चा की थी कि हमें किन क्षेत्रों में सुधार करना है और मुझे लगता है कि हमने ऐसा किया है। इसलिए यह बढ़ते हुए गेंदबाजी आक्रमण का एक सुखद संकेत है, क्योंकि उनके पास सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक की कमी है, इसलिए वे इस तरह की चीजों पर प्रतिक्रिया कर सकते हैं। सिराज ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में बिना किसी पांच विकेट के हरी घास वाले विकेट पर खेला, लेकिन इंग्लैंड में अपना पहला पांच विकेट हॉल हासिल किया, शायद इस सदी में भारत ने इस देश में सबसे सपाट पिच का सामना किया है। मोर्कल ने कहा कि यह पांच विकेट सभी मैचों में अच्छी गेंदबाजी का इनाम था। मोर्कल ने कहा कि सिराज एक ऐसा खिलाड़ी है जिसका मैं बहुत सम्मान करता हूं। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो हमेशा अपनी क्षमता के अनुसार खेलता है। मुझे लगता है कि कभी-कभी उसका दोषी पक्ष बहुत अधिक प्रयास करता है। यह उस तरह की आक्रामकता और तीव्रता को प्रबंधित करने के बारे में है क्योंकि वह वास्तव में अपने दिल की बात कहता है। मुझे लगता है कि कभी-कभी इस तरह की चीजें आपको असंगति दे सकती हैं। अब जब वह मैच में आक्रमण का नेतृत्व कर रहा है, तो उसने विकेट हासिल किए, लेकिन मेरे लिए प्रयास और ऊर्जा के मामले में और शरीर में दर्द के बावजूद, वह हमेशा तैयार रहता है और अपना हाथ ऊपर रखता है, और वह उस ओवर में गेंदबाजी करना चाहता है।

# विश्व मुक्केबाजी कप-साक्षी ने भारत के लिए जीता स्वर्ण पदक



**अस्ताना,** 6 जुलाई (एजेंसियां) दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी ने रविवार को यहां महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व मुक्केबाजी कप-अस्ताना, कजाकिस्तान 2025 में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। 24 वर्षीय साक्षी ने यूएसए की योसलाइन पेरेज के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया और जजों से सर्वसम्मति से फैसला प्राप्त किया। यहां विश्व मुक्केबाजी कप में भारतीय दल का प्रदर्शन शानदार रहा और उसने कुल 11 पदक पक्के कर लिए हैं। भारत ने ब्राजील में पहले चरण में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते थे। रविवार को पहले सत्र में चार भारतीय मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया और साक्षी ही थीं जो गति और पंचों के संयोजन के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर शीर्ष पर रहीं। इससे पहले मीनाक्षी ने 48 किग्रा के फाइनल में स्थानीय पसंदीदा नाज़िम काइजेबे के खिलाफ जीत के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन 3:2 के फैसले से हार गईं। जुगनू (पुरुष 85 किग्रा) और पूजा रानी (महिला 80 किग्रा) भी अपने-अपने फाइनल में हारने के बाद रजत पदक के साथ घर

■ भारत ने ब्राज़ील में पहले चरण में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते थे

लौटेंगे। जुगनू कजाकिस्तान के बेकजाद नूरदौलेटोव के खिलाफ़ 0-5 से हार गईं, जबकि पूजा ऑस्ट्रेलिया की एसेटा फ्लिंट के खिलाफ समान स्कोर लाइन से हार गईं। शाम के सत्र में चार और भारतीय स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें ब्राजील लेग के स्वर्ण पदक विजेता हितेश गुलिया (पुरुष 70 किग्रा) अभिनाश जामवाल (पुरुष 65 किग्रा), जैस्मीन (महिला 57 किग्रा) और नूपुर (महिला 85+ किग्रा) उतरेंगे।

## श्रीमंत झा ने लक्जमबर्ग पैरा-आर्म रेसलिंग कप में जीता स्वर्ण पदक



**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। पैरा एथलीट श्रीमंत झा ने लक्जमबर्ग पैरा-आर्म रेसलिंग कप 2025 में प्लस 80 किलोग्राम वर्ग की स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। श्रीमंत झा ने चार से छह जुलाई तक आयोजित लक्जमबर्ग पैरा-आर्म रेसलिंग कप प्रतियोगिता में जर्मनी के ओलेकसांद्र लीशुकोव को हराकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपनी इस जीत को अहमदाबाद विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों को समर्पित किया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही बुल्गारिया में होने वाली विश्व पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई भी कर लिया है। श्रीमंत झा दुनिया के तीसरे और एशिया के नंबर वन आर्म रेसलर हैं। उन्होंने अब तक विभिन्न अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में 56 पदक जीते है। स्वर्ण पदक जीतने के बाद श्रीमंत झा ने कहा कि यह मेरे लिए एक विशेष जीत है। मैं हर एक मैच शहीद जवानों के सम्मान के लिए जीतता हूं। अब मैं आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करूंगा और निश्चित रूप से देश को फिर से गौरवान्वित करने की कोशिश करूंगा।

# दिल्ली राज्य सब-जूनियर और जूनियर तैराकी चैम्पियनशिप में बने दो मीट रिकॉर्ड




**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। 59वीं दिल्ली राज्य सब-जूनियर और जूनियर तैराकी चैंपियनशिप में दो रिकॉर्ड तरणताल में डूबे। रेहान सेजवाल और युवराज सिंह ने अपनी स्पर्धाओं में नए मीट रिकॉर्ड बनाए जबकि सेहर ने चौथा गोल्ड जीता। चैम्पियनशिप के दौरान दिल्ली स्विमिंग एसोसिशन को संभाल रही एडहॉक कमेटी के चेयरमैन स्वाड्रन लीडर (रिटा.) एसआर साहू ने बताया कि उत्तर भारत में पहली बार टच बोर्ड का इस्तेमाल किया गया, जिसे टाइम ट्रैक स्पोर्ट्स इवेंट नियंत्रित कर रहा है। इससे सटीक परिणामों के चलते ज्यादा पारदर्शिता आएगी। रविवार को चैम्पियनशिप के तीसरे दिन हुई 200 मीटर बालिका अंडर-17 इंडिविजुअल मेडले स्पर्धा में प्रकृति दहिया ने 2:27.49 समय के साथ अब तक दो गोल्ड जीत चुकी खुशी भट्ट को पछाड़कर गोल्ड जीता। खुशी को रजत और वंशिका गुसाईं को कांसे से संतोष करना पड़ा। बालक वर्ग में अर्णव त्यागी (2:18.99) ने बाजी मारी जबकि ध्रुव सेजवाल ने रजत और वंश सुहाग ने कांस्य जीता। 200 मीटर बालिका अंडर-14 इंडिविजुअल मेडले स्पर्धा में सेहर पुरी (2:47.34) को गोल्ड, ऑसम को सिल्वर और अमर्या पटनी को ब्रॉन्ज मिला। बालक वर्ग में आरोन इमैनुअल (2:33.75) सबसे आगे रहे। विशु मौर्य दूसरे और रक्षित टोकस तीसरे स्थान पर रहे। सेहर ने 50 मीटर बटरफ्लाई का गोल्ड और 200 मीटर बैक स्ट्रोक का सिल्वर जीता। 400 मीटर बालक अंडर-17 फ्री-स्टाइल स्पर्धा में युवराज सिंह ने 4:18.16 समय निकालकर गोल्ड मेडल जीता। वंश सुहाग और तनुष झांजी ने क्रमश:रजत व कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा के अंडर-14 वर्ग का गोल्ड रक्षित टोकस (4:43.47) को गया। सूर्यामान महावाल को रजत और वीर राठी को कांसा मिला। 400 मीटर बालिका अंडर-17 फ्री-स्टाइल स्पर्धा का गोल्ड तितिक्षा रावत (4:47.57) की झोली में गिरा। प्रकृति दहिया और यजुशा दहिया क्रमश: रजत व कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। इस स्पर्धा के अंडर-14 वर्ग में नूपुर पाठक (5:05.34) ने गोल्ड जीता। अमीरा सिंघल और याध्वी नेगी ने क्रमश: रजत व कांस्य पदक पाया।

## कार्लसन ने गुकेश को हराया, बढ़त बनाई

**ज़ाग्रेब,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। मैग्नस कार्लसन ने ब्लिट्ज प्रारूप में भारत के डी गुकेश को हराया और यहां खेले जा रहे 2025 सुपरयूनाइटेड क्रोएशिया रैपिड एंड ब्लिट्ज में बढ़त हासिल कर ली। गुकेश ने 3 जुलाई को रैपिड प्रारूप में कार्लसन को हराया था, लेकिन कल नॉर्वे के खिलाड़ी ने उन पर आसान जीत हासिल की। गुकेश क्लासिकल प्रारूप में विश्व नंबर 1 हैं, जबकि कार्लसन रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूप में विश्व नंबर 1 हैं। 2025 सुपरयूनाइटेड क्रोएशिया रैपिड एंड ब्लिट्ज के रैपिड प्रारूप में शीर्ष पर रहने वाले गुकेश का शनिवार को दिन बहुत खराब रहा, क्योंकि गुकेश ब्लिट्ज के नौ राउंड में से सात हार चुके हैं। उनकी एकमात्र जीत विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना के खिलाफ थी, और उन्होंने हमवतन अनीश गिरी के खिलाफ एक ड्रॉ खेला। कार्लसन अब कुल 17.5 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर हैं।

# एमएलसी 2025: एमआई से हार के बाद प्लेऑफ से बाहर नाइट राइडर्स



■ टीम प्वाइंट्स टेबल में सबसे निचले पायदान पर है, जबकि एमआई न्यूयॉर्क ने नौ में से तीन मैच जीत लिए हैं

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। एमआई न्यूयॉर्क ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के 27वें मैच में जीत दर्ज की। टीम ने फ्लोरिडा में लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स के खिलाफ छह रन से जीत दर्ज की। इस हार के साथ नाइट राइडर्स प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है। लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स ने इस सीजन नौ में से महज एक ही मैच अपने नाम किया है। टीम प्वाइंट्स टेबल में सबसे निचले पायदान पर है, जबकि एमआई न्यूयॉर्क ने नौ में से तीन मैच जीत लिए हैं। प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर मौजूद इस टीम के पास अभी प्लेऑफ में पहुंचने का मौका है। मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी एमआई न्यूयॉर्क की टीम ने नौ विकेट खोकर 142 रन बनाए। टीम के लिए किरोन पोलार्ड ने 36 गेंदों में चार छक्कों और एक चौके की मदद से 50 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान निकोलस पूरन ने 24 गेंदों में 30 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम की ओर से शैडली वैन शल्कविक ने सर्वाधिक तीन विकेट झटके, जबकि जेसन होल्डर और कॉर्नै ड्राई को दो-दो सफलता हाथ लगी। सुनील नरेन के नाम एक विकेट रहा। इसके जवाब में लॉस एंजिल्स की टीम निर्धारित ओवरों में चार विकेट गंवाकर सिर्फ 136 रन ही बना सकी। टीम ने 11 के स्कोर पर आंद्रे फ्लेचर (9) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद एलेक्स हेल्स ने उन्मुक्त चंद के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी की।

## सार संक्षेप

### पंत के डीपीएल खेलने से युवा खिलाड़ी प्रेरित होते हैं : जेटली

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के आगामी सत्र के लिए 'पुरानी दिल्ली 6' ने स्टार क्रिकेटर ऋषभ पंत को टीम में बनाए रखा है। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली के अनुसार पंत के खेलने से युवा खिलाड़ी प्रेरित होते हैं। रोहन जेटली ने आईएएनएस से कहा कि जब ऋषभ पंत खेलते हैं, तो लीग में युवा खिलाड़ियों के लिए एक माहौल बनता है। वह प्रेरित होते हैं। पंत भारत के लिए खेल रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद दिल्ली के लिए डोमेस्टिक स्टेट लीग भी खेल रहे हैं। आयुष बडोनी, दिग्वेश राठी, प्रियांश आर्य जैसे कई खिलाड़ी पिछले साल लीग में खुद को साबित करने के बाद नेशनल लेवल पर खेले। डीपीएल में इस सीजन दो नई टीमें भी लीग में जुड़ चुकी हैं। 'आउटर दिल्ली' और 'नई दिल्ली' इस सीजन की नई टीमें हैं। रोहन जेटली के अनुसार इस प्लेटफॉर्म का मकसद नए टैलेंटेड खिलाड़ियों को तराशना है। रोहन जेटली ने कहा कि डीपीएल में दो नई टीमों को जोड़ा गया है, जिसका मकसद खिलाड़ियों को मिलने वाले मौके को बढ़ाना है।

### इन्फेक्शन से पीड़ित मास्वाउरे, नहीं खेल सके दूसरा टेस्ट

**बुलावायो।** जिम्बाब्वे के सलामी बल्लेबाज प्रिंस मास्वाउरे 'रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन' से पीड़ित हैं, जिसके चलते वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नहीं उतर सके। यह मैच रविवार से क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेला जा रहा है। टॉस से पहले प्रिंस मास्वाउरे को 'रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन' के चलते खेलने के लिए अयोग्य घोषित किया गया था। 'जिम्बाब्वे क्रिकेट' ने बयान में कहा कि मास्वाउरे रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन से पीड़ित हैं और उन्हें खेलने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। मास्वाउरे को सीरीज के पहले टेस्ट में ब्रायन बेनेट की जगह शामिल किया गया था। ब्रायन बेनेट फिलहाल खुद चोटिल हैं, उन्हें पहले टेस्ट के दौरान चोट लगी थी। 36 वर्षीय प्रिंस मास्वाउरे ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत साल 2016 में की थी। उन्होंने अब तक 10 टेस्ट मुकाबलों की 19 पारियों में चार अर्धशतकों की मदद से 1,268 रन बनाए हैं। उन्होंने करियर में दो वनडे मैच भी खेले हैं।

### पहली ओडिशा प्रो टी20 लीग सितंबर में

**कटक।** आईपीएल की तर्ज पर देश के कई राज्यों के क्रिकेट बोर्डों ने टी20 लीग की शुरुआत की है। ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन (ओसीए) भी 'ओडिशा प्रो टी20 लीग' (ओपीटीएल) के नाम से एक नई टी20 लीग की शुरुआत करने जा रहा है। ओपीटीएल का पहला संस्करण सितंबर 2025 में खेला जाएगा। इसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी। लीग राज्य की क्रिकेट प्रतिभाओं को उनकी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए अहम मंच प्रदान करेगी। खिलाड़ियों को उच्च-स्तर पर प्रतिस्पर्धा और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलेगा।

## रियल मैड्रिड और पीएसजी फीफा क्लब विश्वकप सेमीफाइनल में भिड़ेंगे

**न्यूयॉर्क,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। रियल मैड्रिड और पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) फीफा क्लब विश्वकप सेमीफाइनल में भिड़ेंगे। यूरोप के दिग्गज फुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड और पीएसजी ने खेले गए अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज कर फीफा क्लब विश्वकप सेमीफाइनल में जगह बनाई। न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में रियल मैड्रिड ने आखिरी क्षणों में संघर्ष करते हुए बोरूसिया डॉर्टमंड पर 3-2 से जीत हासिल की। वहीं दूसरे क्वार्टरफाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने बायर्न म्यूनिख को 2-0 से हराकर फीफा क्लब विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। पीएसजी की ओर से डिजायर डोउ और ओसमाने डेम्बले ने गोल दागे। पंद्रह बार के यूईएफए चैम्पियंस लीग विजेता रियल मैड्रिड ने गोंजालो गार्सिया और फ्रैन गार्सिया के पहले हाफ के गोल की बदौलत 2-0 की बढ़त बनाई। इसके बाद बोरूसिया डॉर्टमंड के मैक्सिमिलियन बेयर ने 93वें मिनट में एक गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। इसके एक मिनट बाद किलियन एमबाप्पे ने टूर्नामेंट का अपना पहला गोल करके मैड्रिड की बढ़त को आगे बढ़ाकर जीत सुनिश्चित कर दी।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में कसा शिकंजा




■ स्टीव स्मिथ और कैमरून ग्रीन की शानदार पारी ने आस्ट्रेलिया की पारी को संभाला

**सेंट जॉर्ज,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। स्टीव स्मिथ (71), कैमरून ग्रीन (52), ट्रैविस हेड (39) और एलेक्स कैरी (नाबाद 26) रनों की जूझारू पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने के समय सात विकेट पर 221 रन बनाकर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने कल के दो विकेट पर 12 रन से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलिया ने अभी स्कोर में 16 रन का इजाफा किया था कि जोसेफ ने नेथन लायन (आठ) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये स्टीव स्मिथ ने कैमरून ग्रीन के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 93 रन जोड़े। कैमरून ग्रीन को भी जोसेफ ने आउट किया। कैमरून ग्रीन ने 123 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया का पांचवां विकेट स्टीव स्मिथ के रूप में गिरा। उन्हें जस्टिन ग्रीव्स ने पगबाधा आउट किया। स्टीव स्मिथ ने 119 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से (71) रन बनाये। बो वेब्स्टर (दो) को भी ग्रीव्स ने आउट किया। ट्रैविस हेड 60 गेंदों में (39) रन बनाकर आउट हुये। स्टंप के समय ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 64.3 ओवर में सात विकेट पर 221 रन बना लिये थे। एलेक्स कैरी (नाबाद 26) और कप्तान पैट कमिंस (नाबाद चार) क्रीज पर मौजूद थे। मैच के बाद स्टीव स्मिथ ने कहा कि यह एक मुश्किल पिंच है थोड़ा ऊपर-नीचे और थोड़ा सीम मूवमेंट था। मैंने स्थिर रहते हुए पगबाधा होने से बचने का प्रयास किया। मैंने स्वयं को खराब गेंदों को दूर रखने का प्रयास किया।

## मुश्किल पिच पर समय बिताना अच्छा रहा: ग्रीन

**सेंट जॉर्ज।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन ने कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन मैंने मुश्किल पिच पर कभी असहज महसूस नहीं किया, वहां समय बिताना अच्छा रहा। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच के तीसरे दिन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कैमरून ग्रीन अपने जुझारू प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैंने कभी भी असहज महसूस किया। निश्चित रूप से (शुक्रवार) की रात मुश्किल थी और शनिवार नई गेंद के साथ मुझे फिर से शुरुआत करनी पड़ी। मुश्किल विकेट पर समय बिताना अच्छा रहा। ग्रीन ने 123 गेंदों पर 52 रनों की जुझारू पारी खेली और स्टीव स्मिथ के साथ 93 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। खेल के बाद ग्रीन ने कहा कि आपको हमेशा एक अच्छी पारी की जरूरत होती है ताकि आप आगे बढ़ सकें और आज का दिन भी ऐसा ही रहा।

# नोवाक जोकोविच, सिनर चौथे दौर में, क्रेजिकोवा हाकर विंबलडन से हुई बाहर



■ मिनाउर ने डेनमार्क के ऑगस्ट होल्मग्रेन को सीधे सेटों में हराकर चौथे दौर में किया प्रवेश

**लंदन,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने हमवतन मियोमिर केकमानोविच को और इटली के जैनिक सिनर ने पेड्रो मार्टिनेज को हराकर विंबलडन पुरुष एकल मुकाबले में चौथे दौर में जगहा बना ली है। सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच ने खेले गये प्री क्वार्टर फाइनल में केकमानोविच को 6-3, 6-0, 6-4 से हराकर अपनी 100वीं जीत दर्ज की। इसी के साथ जोकोविच यह कारनामा करने वाले मार्टिना नवरातिलोवा और रोजर फेडरर के क्लब में शामिल हो गए।

अगले दौर में जोकोविच सामना ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनाउर से होगा। मिनाउर ने डेनमार्क के ऑगस्ट होल्मग्रेन को सीधे सेटों में हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया है। वही एक अन्य मुकाबले में विश्व के नंबर वन खिलाड़ी सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज को मात्र एक घंटे 55 मिनट में 6-1, 6-3, 6-1 से हराया। इटली के दिग्गज खिलाड़ी सिनर टूर्नामेंट में अभी तक कोई सेट नहीं गंवाया है। अगले दौर में उनका मुकाबला अब 19वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। दिमित्रोव ने सेबेस्टियन ऑफनर को हराया। अमेरिका के दसवीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने इस साल के आयोजन में अपना बेहतरीन सेट रिकॉर्ड बनाए रखते हुए हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स को 6-3, 7-6 (4), 6-2 से हराकर अगले दौर में जगहा बना ली है जहां उनका मुकाबला इटली के लोरेंजो सोनेगो से होगा। दिन के एक अन्य मुकाबले मे 2014 यूएस ओपन चैंपियन क्रोएशिया के मारिन सिलिच ने स्पेन के जौम मुनार को 6-3, 3-6, 6-2, 6-4 से हराया। अगले दौर में उनकी भिड़ंत इटली के फ्लेवियो कोबोली से होगी। महिला वर्ग में पोलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने रोम में अमेरिकी डेनियल कोलिन्स से मिली हार का बदला 6-2, 6-3 से जीत के साथ लिया। अब अगले दौर में उनका सामना डेनमार्क की क्लारा टॉसन से होगा, जिन्होंने 11वीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को 7-6 (6), 6-3 से हराया। चेक खिलाड़ी बारबोरा क्रेजिकोवा को अमेरिका की एम्मा नवारो ने 2-6, 6-3, 6-4 से हराया।

## किदांबी श्रीकांत कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में केंटा निशिमोतो से हारे




**ओंटारियो,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। पूर्व विश्व नंबर-वन किदांबी श्रीकांत को कनाडा ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में केंटा निशिमोतो के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई।

खेले गए सेमीफाइनल में बैडमिंटन रैंकिंग में 49वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत एक घंटे 18 मिनट तक चले मुकाबले में जापान के विश्व नंबर 12 और तीसरी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो के खिलाफ 21-19, 14-21, 18-21 से हार गये। इसी के साथ ही भारत का बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने निशिमोतो के खिलाफ भी शानदार शुरुआत की। एक समय 18-16 से पीछे होने के बावजूद श्रीकांत ने वापसी करते हुए पहला गेम जीता। श्रीकांत ने दूसरे गेम की शुरुआत में ही 9-4 की बढ़त बना ली, लेकिन निशिमोतो ने 14-14 पर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद जापानी खिलाड़ी ने आक्रामक खेल का मुजाहिरा करते हुए लगातार सात अंक जीतकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। निर्णायक गेम में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। एक समय 6-1 से पीछे होने के बाद, श्रीकांत ने बीच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 12-8 की बढ़त बना ली। हालांकि, निशिमोतो ने भी वापसी की और 18-18 पर स्कोर बराबर करने के बाद गेम जीतते हुए मैच अपने नाम कर लिया।

## सार समाचार

### पूजा परिहार का दिल्ली पुलिस में हुआ चयन



**आष्टा, देशबन्धु।** विक्रम सिंह परिहार की पुत्री पूजा परिहार का दिल्ली पुलिस में चयन होने पर रविदास जांगड़ा समाज द्वारा उनके निवास पहुंचकर साफा बांधकर स्वागत किया एवं बिटिया को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कैलाश बगाना जांगड़ा समाज के अध्यक्ष माखनलाल कुरडिया रविदास जांगड़ा समाज धर्मशाला समिति के अध्यक्ष जितेंद्र गोयल जितेंद्र खेलवाल डॉक्टर सावंत सिंह हेमराज मुलगी मेहरबान सिंह रैकवाल उपस्थित रहे।

### कैलाश बगाना ने नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया



**आष्टा, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कैलाश बगाना ने भाजपा प्रदेश कार्यालय भोपाल पहुंचकर नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया साथ में कैलाश बगाना और प्रदेश अध्यक्ष ने राजनीतिक चर्चा की।

### बाबा विश्वनाथ तीर्थक्षेत्र सेवा समिति की हुई बैठक

**सिरोंज, देशबन्धु।** रविवार को ग्राम देवपुर स्थित बाबा विश्वनाथ धाम में बाबा विश्वनाथ तीर्थक्षेत्र सेवा सेवा समिति की बैठक आयोजित कि गयी बैठक में आगामी श्रावण माह में श्रृदालुओं को दर्शन की व्यवस्थाओं व समिति के आय व्यय की प्रस्तुति व आगामी कार्यों व समिति में नये सदस्यों को जोड़ने पर विचार किया गया। इसदौरान अरविंद पालीवाल, लाखन राजपूत, कपिल त्यागी, नरेन्द्र पाटीदार, लक्ष्मण राजपूत, रुपनारायण शर्मा, रघुवीर रघुवंशी, पंकज दिनकर सहित बडी़ संख्या सदस्यगण मौजूद रहे।

### मतदान केन्द्र पर भाजपा ने मनाई पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती

**सिरोंज, देशबन्धु।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के वार्ड क्रमांक 19 मतदान केंद्र क्रमांक 231, 232,में भारतीय जनता पार्टी जन संघ के संस्थापक पंडित श्याम प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई गई। जिसमें वक्ताओं द्वारा पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यापर्ण कर उनके योगदान के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के वर्ष नेता रमेश यादव, एलबीएस कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव, मंडल महामंत्री सुमंत मित्तल वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि बलजीत यादव सहित अनेक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बजरंग दल के सेवा सप्ताह के तहत कार्यकर्ताओं ने श्मशानघाट में वृक्षारोपण किया

**सिरोंज, देशबन्धु।** रविवार को बजरंग दल के सेवा सप्ताह के अंतर्गत लटेरी रोड शनि मंदिर के पीछे स्थित श्मशान घाट में वृक्षारोपण एवं श्मशान घाट की सफाई की। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा श्मशानघाट में विभिन्न तरह के पौधे लगाये और श्मशानघाट में साफ सफाई कि गयी। इसदौरान जगदीश शाक्य, अनिल राठौर, रोहित यादव, तुलसीराम शाक्य, राकेश भार्गव, प्रदीप राठौर आदि मौजूद रहे।

### केंद्रीय मंत्री ने किया प्रेस क्लब के पत्रकार भवन का लोकार्पण, सुनाए संस्मरण

# अनिल भाई व्यक्ति नहीं विचार थे, मेरे लिए बासौदा के पर्याय थे: शिवराज





**गंजबासौदा, देशबन्धु।** अनिल यादव जी व्यक्ति नहीं विचार थे, वो संस्था थे। वो गंजबासौदा के योद्धा थे। उन्होंने जनप्रतिनिधि न रहते हुए भी जनता की शक्ति का जनता के हित के लिए काम किया। अनिल भाई उपेक्षितों की आवाज बने। उन्होंने पेड़ों, खेत, नदी, जंगल की चिंता की। बेतवा, पाराशरी के संरक्षण का जिम्मा उठाया। उनके काम को हम कितना गिनाएं। यह बात केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। वे रविवार को गंजबासौदा में वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद् स्व. अनिल यादव की स्मृति में प्रेस क्लब एवं नगर पालिका परिषद के सहयोग से नवनिर्मित अत्याधुनिक पत्रकार भवन के लोकार्पण कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

मदन भैया क्लब पार्क के प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद एवं महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि गंजबासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी, विदिशा विधायक मुकेश टंडन, कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.राकेश सिंह जादौन, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र सिंह रघुवंशी सहित प्रदेश की अनेक हस्तियां उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत पौधरोपण से हुई। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने स्व. अनिल यादव की स्मृति में परिसर में बरगद का पौधा रोपा। इस अवसर पर उन्होंने अनिल दाउ फाउंडेशन की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं के बीच पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में श्री चौहान ने करीब तीन दर्जन से अधिक वरिष्ठ पत्रकारों को प्रेस क्लब गंजबासौदा की ओर से शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रेस क्लब अध्यक्ष नीतेश नायक, सचिव नरेश मीणा सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने श्री चौहान का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके पश्चात् नगर पालिका के पार्षदों ने श्री चौहान के साथ अन्य अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा, आज का कार्यक्रम मेरी जिंदगी में अलग महत्व रखता है। अनिल भाई मेरे दिल के कोने में स्थान रखते हैं। ये उन दिनों की बात है, जब हम विद्यार्थी परिषद में थे। तब हम विद्यार्थी परिषद के चुनाव के लिए वोटरों की जुगाड़ कर रहे थे। उन्हीं दिनों में मेरी अनिल भाई से मुलाकात हुई थी। फिर बाद के दिनों में तो उनकी होटल नीलकमल हम छात्र नेताओं का स्थाई ठिया बन गई थी।

श्री चौहान ने कहा, अनिल भाई राष्ट्रवादी चिंतक थे। विचारक और संगठक थे। अनिल भाई मेरे लिए बासौदा का पर्याय रहे। हमने खूब साथ में काम किया। वे चाहते थे शिखर पर पहुंच सकते थे, लेकिन उन्होंने अपनी मिट्टी को नहीं छोड़ा। वे जमीन से जुड़े रहे। मैंने उन्हें विभिन्न काम करते देखा। आज जब बरगद का पौधा लगाया तो उसमें बसने वाले पौधे, जीव जंतु याद आए। अनिल भाई इनकी चिंता करते थे। उन्होंने पेड़, जंगल, नदियों की खूब चिंता की। नरवाई पर उनकी आत्मा रोती थी।

**विधायक ने सौंपा मांग पत्र**

विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा, हम सब एक ऐसे व्यक्तित्व को स्मरण कर रहे हैं, जो केवल नाम नहीं, बल्कि विचार और आदर्शों की जीवंत मिसाल हैं स्वर्गीय अनिल यादव जी। आज उनकी जयंती पर हम उन्हें नमन करते हुए उनके जीवन से सीख लेने का संकल्प लेते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी जैसे युगपुरुष को पहली बार गंजबासौदा लाने का श्रेय उन्हें ही जाता है। इस अवसर पर विधायक श्री रघुवंशी ने केंद्रीय मंत्री श्री चौहान को नगर विकास से जुड़ा मांग पत्र भी सौंपा।

नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए शब्दों में बयां कर पाना आसान नहीं है। यह दिन मेरे लिए एक साथ गर्व, सम्मान और गहरे विषाद का क्षण है। आज जब मैं अपने जीवन के पथप्रदर्शक, मेरे जीवनसाथी, मेरे सखा, मेरे मार्गदर्शक स्व.अनिल यादव जी को स्मरण कर रही हूं तो लगता है मानो समय एक पल को ठहर गया है। उनके साथ बीते हर लम्हे की छवि मेरे सामने चलचित्र की तरह बह रही है।

सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने स्व. यादव को याद करते हुए उनके सेवाभावी कार्य बताए। उन्होंने कहा, आज मेरे बड़े भाई की 71वीं जयंती है। भाईसाहब को जो लोग ज्यादा जानते थे, उनमें एक मैं भी हूं। वे मेरे दोस्त थे तो पिता भी। उन्होंने परिवार को बांधे रखा। कार्यक्रम को महंत राममनोहर दास, सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र मोहन शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता अतुल शाह, वरिष्ठ पत्रकार डीपी शर्मा, पूर्व विधायक एवं पत्रकार निशंक जैन, भाजपा नेता सुधीर यादव, वरिष्ठ पत्रकार कैलाश सक्सेना, पर्यावरण विद् श्याम बोहरे, वरिष्ठ पत्रकार गोविंद नायक, वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश श्रीवास्तव ने संबोधित किया। मंच संचालन राष्ट्रीय कवि संगम के आशीष दुबे ने भी संबोधित कियाकिया।

**पत्रकारों का हुआ सम्मान**

कार्यक्रम में भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार उमेश त्रिवेदी, गिरीश उपाध्याय, मृगेंद्र सिंह, अजय बोकिल, जगदीश द्विवेदी, पंकज शुक्ला, सतीश एलिया, गुरेंद्र अग्निहोत्री, विदिशा के वरिष्ठ पत्रकार वेदप्रकाश शर्मा, अतुल शाह, सचिन तिवारी, आरके वसुदेव, बीडी अहिरवार, सिरोंज के अब्दुल शुबूर हसन, राजीव जैन, गुलाबगंज के ओपी खैरा, गंजबासौदा के डॉ.डीपी शर्मा, गोविंद नायक, कैलाश सक्सेना, सौदान सिंह यादव, यशपाल यादव, सत्यनारायण शर्मा, अखिलेश श्रीवास्तव, ओपी चौरसिया सहित कई वरिष्ठ पत्रकार गणों का सम्मान किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में राजेश तिवारी, निशंक जैन, सुरेंद्र दांगी, सुरेंद्र भारद्वाज, विजय अग्रवाल, राजेंद्र व्यास सहित नगर के अनेक गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में प्रेस क्लब महासचिव देवेन्द्र रघुवंशी, अखिलेश लाहौरी, प्रमोद राजपूत, उपाध्यक्ष आशीष रघुवंशी, राजा छारी, संजय शर्मा, मयंक टांक, सौरभ सक्सेना, सुरेन्द्र सिंह दांगी, रवि यादव, सह सचिव हरीश भावसार, देवेन्द्र राजपूत, नरेन्द्र नामदेव, सुरेन्द्र पस्तोर, शैलेन्द्र सक्सेना, अनुज यादव, मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी, गगन दुबे, रविकांत दीक्षित, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश चतुर्वेदी, घासीराम सेन, योगेश शिल्पकार, भूपेन्द्र नरवरिया, विजय रघुवंशी, एल.एन.चौबे, विजय रघुवंशी, कमलेश शर्मा, अमित शुक्ला, राहुल नामदेव, रिंकू रघुवंशी, यशवंत दुबे, रानू जैन, दीपेश जैन, सौरभ तामेश्वरी, बलराम अहिरवार सहित नगर के तमाम पत्रकारगण उपस्थित रहे।

# कोल्हू का बैल नहीं धर्मात्मा बनो, कर्म किसी को नहीं छोड़ता है, धन बढ़ रहा है लेकिन आयु घट रही है : प्रवर सागर



फोटो:-5

**आष्टा, देशबन्धु।** कर्म किसी को नहीं छोड़ता है।आज लोगों के पास धन बढ़ रहा है, लेकिन आयु घट रही है। बच्चों को साधु बनाना है कि कलेक्टर बनाना है। पुत्र को मोक्ष मार्ग दिखाना चाहिए, नौकरी को श्रेष्ठ समझ रहे हो, नौकरी करने से नौकर कहलाते हैं और व्यापार करने से सेठ कहलाते हैं।कोल्हू का बैल नहीं धर्मात्मा बनों।धर्म और भक्ति करके भूतनाथ बनने का पुरुषार्थ चल रहा है। जितने भी भूतनाथ हुए हैं वो जिनवाणी के बल से और आत्मविशुद्धि से हुए हैं , अभी जो अष्टांहिका महापर्व चल रहे हैं वो शाश्वत पर्व हैं ,लेकिन इन पर्वों को कैसे अपने जीवन में उतारना है ये कोई नहीं समझ पा रहा है।पर्वों को कोई नहीं समझता, वहीं पकवान सभी को समझ में आते हैं। पर्व के दिनों में सिद्धों की आराधना करने से सिद्धत्व की प्राप्ति होती है ।पर्वों में जो भगवान के पावन श्री चरणों में आत्म विशुद्धि की भावना से अष्ट द्रव्य समर्पित करता है तभी सिद्धों की आराधना करना सार्थक है। उक्त बातें नगर के चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर अरिहंत पुरम अलीपुर में वाककेशरी श्रमणाचार्य विनिश्चय सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। आपने मनुष्य पर्याय पुण्य की सार्थकता को भी बताया कि जो मनुष्य होते हैं वो मानुषोत्तर पर्वत से आगे नहीं जा सकते,यदि आपका पुण्य है तभी आप आठवें द्वीप नंदीश्वर द्वीप में जाकर भगवान की भक्ति कर सकते हैं। हर रविवार को अरिहंत पुरम मंदिर में बच्चों द्वारा भगवान की पूजा अर्चना की जाती है।आज भी आराधना कर चातुर्मास हेतु विराजमान मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज का सभी बच्चों ने नमोस्तु बोलकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## श्रीचंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर गंज में नित्य हो रहा है : विधान



**आष्टा, देशबन्धु।** चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर गंज में अष्टांहिका महापर्व में समाज की महिलाओं द्वारा नित्य ही भक्ति भाव से नंदीश्वर द्वीप मंडल विधान किया जा रहा है। रविवार 6 जुलाई को विधान की लाभार्थी अखिल भारतीय महिला जागृति मंच मेन शाखा आष्टा अध्यक्ष श्रद्धा नरेन्द्र गंगवाल थी। श्रीमती गंगवाल ने बताया कि श्री नंदीश्वर द्वीप मंडल विधान के दौरान चारों दिशाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो, सभी जीवों का कल्याण हो। अष्टांहिका महापर्व पर अनेक महिलाओं ने एक समय भोजन ग्रहण कर कई रस का त्याग किया है। अष्टांहिका महापर्व के प्रथम दिन अंजू राजेश जैन, दूसरे दिन पुष्पा कैलाशचंद टोंग्या एवं तीसरे दिन विमल अमृतलाल जैन तथा किरण माणकचंद नारे तथा चौथे दिन श्रद्धा नरेन्द्र गंगवाल लाभार्थी रहे। विदित रहे कि गंज मंदिर सहित सभी जिनालयों में अष्टांहिका महापर्व पर श्री नंदीश्वर द्वीप मंडल विधान एवं श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है।

## एम.पी. रत्न गौरव अवार्ड 2025 से हुईं सम्मानित नुपुर कपूर सम्मानित



**सिरोंज, देशबन्धु।** राष्ट्रीय नारी सशक्तिकरण एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए नुपुर कपूर को एम.पी. रत्न गौरव अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान दर्शन सिंह चौधरी (सांसद, होशंगाबादङ्कनरसिंहपुर लोकसभा एवं प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा) द्वारा प्रदान किया गया। नुपुर कपूर ने अवार्ड मिलने पर इस सम्मान का सम्पूर्ण श्रेय अपनी माता शेफाली चोपड़ा को दिया और कहा कि मां की प्रेरणा ने मुझे हमेशा आगे बढ़ने की शक्ति दी। जिसपर नगर के लोगों ने उनको अवार्ड मिलने पय शुभकामनाऐं दी।

## उज्जैन में अनेक गुरुणी के साथ बड़ी संख्या में पहुंचे आष्टा के श्रद्धालु



**आष्टा, देशबन्धु।** श्री वर्धमान स्थानकवासी श्रावक संघ नमक मंडी के तत्वाधान में वर्ष 2025 का चातुर्मास राष्ट्रसंत आचार्य भगवंत पू.आनंद ऋषि जी मुनिराज, मालव ज्योति पूज्यश्री वल्लभ कुंवर जी की सुशिष्या साध्वी मालवकीर्ति जी, जिन शासन प्रभाविका उप्रावर्तनीय कीर्तिसुधा जी महाराज साहब आदि ठाणा चार का चातुर्मास हेतु नमकमंडी स्थित महावीर भवन में चार प्रांत के लगभग 35 शहरों व गांवों से आए गुरुनी भक्तों की विशाल उपस्थिति में भव्य किंतु सादगी पूर्ण मंगल प्रवेश ने इतिहास रचा। इस भव्य मंगल प्रवेश में आष्टा से भी काफी संख्या में गुरुणी श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

उज्जैन संघ के कुछ वरिष्ठ समाजजनों का कहना था कि आचार्य उमेश मुनिजी के वर्षावास प्रवेश के बाद इतनी विराट उपस्थिति ने उज्जैन संघ का गौरव बढ़ा दिया है। मालवकीर्ति जी म. सा. ने चातुर्मास प्रवेश धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिस उत्साह ,उमंग और भगवान महावीर की जयकारों के साथ आज आपने हमें चातुर्मास प्रवेश कराया, उसी उत्साह के साथ प्रवचन ,जप, तप, धर्म साधना में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना है। आपने बाहर से पधारे हुए श्रद्धालु भक्तों को भी बहुत-बहुत साधुवाद दिया। परम पूज्य आराधना श्रीजी ने भी धर्म सभा को संबोधित करते हुए उज्जैन संघ के श्रद्धालुओं को चातुर्मास सफल बनाने की प्रेरणा दी। श्रावक संघ की ओर से अध्यक्ष चंद्रप्रकाश गादिया, कार्याध्यक्ष महेंद्र सेठिया, वरुण श्रीमाल, नवयुवक संघ अध्यक्ष राजेश जैन आदि ने साध्वी भगवंत तथा बाहर से पधारे सभी श्रद्धालु भाई बहनों को शाब्दिक अभिनंदन किया।

## समर्थ संतो के सत्संग से हमारे अंदर सद्गुणों का विकास होता है: मां कृष्णा




**आष्टा, देशबन्धु।** ब्रह्मानंद जन सेवा संघ, कृष्णा धाम आश्रम मालीपुरा के पावन तत्वावधान में आयोजित, पांच दिवसीय गुरु पूर्णिमा अमृत महोत्सव के प्रथम दिवस पर सैकड़ों गुरु भक्तों ने श्रद्धेय मां कृष्णा की अमृतवाणी का लाभ लिया! हिमाचल प्रदेश से पधारे, पद्मश्री पुरस्कृत हरिमन शर्मा, के साथ ही राजस्थान, उत्तर प्रदेश,महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़,आदि स्थानों से पधारे गुरु भक्तो ने मां कृष्णा जी की अमृतवाणी का लाभ लिया। पूज्य माँ कृष्णा ने अपने अमृत वचनों में कहा कि:- समर्थ संतों की वाणी सुनंने से हमारे अंदर के अवगुणों का नाश होता है और सद्गुणों का विकास होता है! व्यक्ति के अंदर विवेक जागृत होता है!

सत्संग से अंत:करण की मालीनता साफ होती है! व्यक्ति भगवान कि तरफ लगता हैं!गुरु हमें एक जीवन जीने की कला सिखाते हैं!आज की स्थिति को देखते हुए जीवन में समर्थ गुरुओं का सानिध्य, उनकी वाणी बहुत आवश्यक है! जब-जब इस धरा पर लोगो में दुष्ट प्रवर्ती बढ़ती है!उसी के अनुरूप संत, युगपुरुष,सद्गुरु इस धरा पर जन्म लेकर अपने भक्तो को परमात्मा प्राप्ति के और ले जाते हैं। मां ने सत्संग में आगे कहा कि जीवन में अच्छा बोलो,अच्छे कर्म करो,अच्छा आचरण करो, अच्छा व्यवहार करो,अच्छा देखो,अच्छा खाओ,अच्छा सुनो, क्योंकि हम जो करते हैं वह कभी ना कभी हमें रिटर्न होकर वापस मिलता है! बहुत ऊंचाई पहाड़ी से खड़े होकर जब हम हम तेजी से आवाज लगते हैं तो रिटर्न में वही सुनाई देता है जो हम बोलते हैं! इसलिए जीवन में अच्छे परमार्थ के कर्म करें क्योंकि कर्म कभी पीछा नहीं छोड़ता है। एक अच्छा साधक बनने के लिए हमारा शरीर की शुद्ध हो, हमारी वाणी शुद्ध हो, हमारा आचरण शुद्ध हो, हमारा व्यवहार शुद्ध हो, हमारे कर्म शुद्ध हो, हमारा चरित्र शुद्ध हो,और सबसे बड़ी बात हमारा हृदय शुद्ध हो क्योंकि शुद्ध हृदय में ही भगवान निवास करते हैं। एक प्रसंग के माध्यम से माँ ने बताया की, गुरु धोम्य ऋषि का आश्रम था जिसमे उनका अरुनी नाम का शिष्य रहता था! गुरु ने आज्ञा दी की बारिश बहुत तेज हो रही है तुम जाओ और धान के खेत कि मेड़ से पानी को बहने से रोको! बारिश बहुत तेज थी जब पानी नहीं रुका तो आरुणि ने मेड़ पर सोकर पानी को रोका! तब अरुण की गुरु भक्ति देखकर धोम्य ऋषि ने आशीर्वाद दिया कि बेटा अरुणि तुम सच्चे गुरु भक्त हो तुम्हें जीवन में सब विद्याएं अपने आप ही प्राप्त हो जाएगी।

### जागरूक नागरिकों ने जनप्रतिनिधियों से लेकर जवाबदार अधिकारियों से शिकायत की, जिसका हल आज तक नहीं निकल सका है

# बजरंग कालोनी निवासी कीचड़ और गंदगी से परेशान, घर निकलना हो गया दूभर



**आष्टा, देशबन्धु।** वार्ड क्रमांक 16 बंजरंग कालोनी कन्नौद रोड से जुडी हुई है लेकिन उक्त कालोनी आज ग्रामीण क्षेत्र से भी बद्तर हो चुकी है, जरा सी बारिश के बाद कालोनी के अधिकांश रोड कीचड़ में तब्दील हो गए, जिसके कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पडता है। उक्त मार्ग से महिलाएं पुरूष, बुजुर्ग यहां तक कि स्कूल कालेज के विद्यार्थी भी उक्त मार्ग से निकलने के कारण कई बार गिर पडते हैं, जिसके कारण उनकी ड्रेस खराब हो जाती है और वह चोटिल हो जाते हैं। उक्त मार्ग से मोटर सायकल, सायकल निकालना अब खतरे से खाली नहीं है।

वाहन फिसलने के कारण लोग घायल हो जाते हैं। जरा सी बारिश होने के बाद भी पूरे रोड पर चारों और कीचड़ ही कीचड़ हो चुका है लोगों का निकलना मुश्किल हो चुका है जिसकी शिकायत जागरूक नागरिकों ने जनप्रतिनिधियों से लेकर जवाबदार अधिकारियों से की लेकिन जिस का हल आज तक नहीं निकल सका है वैसे तो बजरंग कालोनी में ओर भी कई समस्याएं है लेकिन सबसे बड़ी समस्या सडकों पर कीचड़ की है। उक्त रोड सरोठिया जी के मकान से लेकर गजराज सिंह के मकान तक बहूत बुरे हाल हैं। उक्त समस्या और भी इसलिए बड़ रही है जहां रोड नहीं बना है वहीं नालियां भी वर्षो पुरानी हो चुकी है और न उक्त कालोनि की नालियों की नियमित सफाई भी नहीं हो रही है, जिसके कारण जगह जगह पानी रूक चुका है। चारों और से पानी की निकासी भी लगभग बंद सी हो चुकी है। अब बारिश आ चुकी है, जरा सी बारिश होने पर कालोनी के कई हिस्से में पानी भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जिसके कारण कालोनीवासी सहित आने जाने वाले सभी लोग परेशान हैं। सफाई भी नहीं होने के कारण जगह जगह कचरे का ढेर महिनों से नालिया सफाई नहीं होने के कारण चौक पड़ी हुई है और पूरी तरह समतल हो चुकि है जिसमें पड़ा कचरा अब बदबू मारने लगा है, जिससे लोगों को बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है।

अगर रोड पर कीचड़ या सफाई नहीं हो रही है तो करवाई जाएगी, मै व्यवस्था देखता हूं।

**सीएमओ,**
**विनोद प्रजापति**

## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

### 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम मुख्यालय पर होगा

**बैतूल, देशबन्धु।** चिचोली नगर मुख्यालय पर विश्व आदिवासी दिवस पर बड़े धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित होगा संगठन ने निर्णय लिया है गांव गांव में कोई कार्यक्रम नहीं करेंगे एकता का मिशाल कायम करने के लिए वैचारिक रूप से मजबूत हो समाज इसका संदेश एक मंच से संदेश जाना चाहिए। सर्व आदिवासी समाज के द्वारा इस वर्ष विश्व आदिवासी दिवस पर बड़े निर्णय लिया जाएगा जिसमें समाज में जागरूकता आयें मध्य प्रदेश में लगातार घटनाएं बढ़ती जा रही है जल जंगल जमीन एवं पर्यावरण की संरक्षक शिक्षा रोज़गार स्वस्थ्य पर संदेश कार्यक्रम की तैयारी को लेकर गांव गांव में बैठक लिया जायेगा इस बैठक में उपस्थित हिरासिह कुमरे शिक्षक अरविंद उइके जी जयस जिला कार्यवाहक अध्यक्ष सुनील करोचे डोमा सिंह कुमरे बहादुर सिंह उइके दिलीप उइके पवन परतें शिवम उइके अजित वरकड़े योगेश उइके एवं समस्त युवा साथी मौजूद थे।

### जन्मदिन पर लगाए बेलपत्र, पीपल और लक्ष्मीतरु के पौधे, लिया संकल्प



**चिचोली, देशबन्धु।** तहसील पत्रकार संघ चिचोली के पत्रकार प्रवीण आर्य ने अपने जन्मदिन को पौधारोपण जैसे पुनीत कार्य से मनाकर यह साबित किया कि जन्मदिन जिम्मेदारी और पर्यावरण प्रेम का भी अवसर हो सकता है। प्रवीण आर्य ने अपने जन्मदिन के मौके पर नगर के संदक घाट स्थित मोक्षधाम में पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर उन्होंने बेलपत्र, पीपल और लक्ष्मीतरु के पौधे लगाए, जिनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। प्रवीण आर्य ने जानकारी दी कि वे बीते लगभग पच्चीस वर्षों से प्रत्येक वर्ष अपने जन्मदिन पर पौधारोपण करते आ रहे हैं। इस अवसर पर तहसील पत्रकार संघ चिचोली के अध्यक्ष सुधीर जायसवाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिवस पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसके संरक्षण का संकल्प भी लेना चाहिए। इससे हम आने वाली पीढियों को एक हरित भविष्य दे सकते हैं। कार्यक्रम में तहसील पत्रकार संघ के सचिव विनय आर्य, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र दुबे, वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र बावने, नवनीत आर्य, किशोर पाल, मनोज सातनकर सहित अन्य पत्रकार साथी भी उपस्थित रहे। सभी ने प्रवीण आर्य की इस पहल की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया।

### भारतीय मजदूर संघ के 70 वर्ष पूरे होने पर परिचय वर्ग आयोजित



**बैतूल, देशबन्धु।** भारतीय मजदूर संघ (भामसं) के स्वर्णिम 70 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर कालापाठा में एक दिवसीय परिचय वर्ग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के पूर्व महामंत्री मधुकर साबले मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भामसं के जिला मंत्री पंजाबराव गायकवाड ने बताया कि इस परिचय वर्ग में संगठन की कार्यपद्धति, पंच परिवर्तन, अनिवार्य कार्यक्रम, ध्वज, नारे और गीतों के महत्व पर दो सत्रों में विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में भामसं से पंजीकृत लगभग 15 संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन अध्यक्ष संपत दरवाई के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। मधुकर साबले ने अंत में कहा कि भारतीय मजदूर संघ आज एक विशाल वृक्ष बन चुका है, जो श्रमिकों के हितों के साथ राष्ट्र की प्रगति में भी अपनी जड़ें मजबूत कर रहा है।

रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम में आदिवासी संगठनों की उपस्थिति में दिखा एकजुट समाज

# आदिवासी समाज की रणनीतिः धर्मांतरण, वनाधिकार और शिक्षा के मुद्दों पर किया मंथन



**बैतूल, देशबन्धु।** विश्व आदिवासी दिवस को लेकर बैतूल जिले में तैयारी चरम पर पहुंच चुकी है। पुरखों की परंपरा, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा को लेकर आदिवासी समाज अब खुलकर सामने आ रहा है। समाज ने तय कर लिया है कि इस बार का आदिवासी दिवस अपनी जड़ों, अधिकारों और अस्मिता की रक्षा का संकल्प बनेगा। इसी उद्देश्य को लेकर रविवार को समस्त आदिवासी समाज संगठन की बैठक पड़ापेन ठाना रैन बसेरा, सदर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी योगेश धुर्वे ने की। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 9 अगस्त को जिला मुख्यालय पर विश्व आदिवासी दिवस भव्यता और गरिमा के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर समाज के सभी लोग एक-एक पौधा अपने पुरखों के नाम पर लगाएंगे और उन्हें प्रकृति से जोड़कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

**संस्कृति ज्ञान परीक्षा का होगा आयोजनः** आदिवासी समाज की परंपरा, रीति-रिवाज, संस्कृति और उनके महापुरुषों के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए इस दिन संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के वक्ता शोषण, अत्याचार और वनाधिकारों को लेकर उद्बोधन देंगे और आदिवासी हितों पर केंद्रित संदेश प्रस्तुत करेंगे। बैठक में प्रदेशभर में आदिवासियों को वनों से बेदखल किए जाने पर गहरी चिंता जताई गई। कहा गया कि यह आदिवासियों की आत्मा और अधिकारों पर सीधा प्रहार है। इस मुद्दे पर विस्तृत मंथन किया जाएगा और कानूनी व सामाजिक स्तर पर संघर्ष की रणनीति बनाई जाएगी। इसके अलावा आदिवासी अंचलों में हो रहे धर्मांतरण, शिक्षा की स्थिति और आर्थिक सशक्तिकरण के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुंदरलाल उइके, सरवन सिंह मरकाम, सोहनलाल धुर्वे, दिलीप धुर्वे, जनकलाल मवासे, मन्नूलाल चिलाटे, अंतु सिंह मर्सकोले, कल्लू सिंह उइके, संदीप कुमार धुर्वे, राजेश कुमार धुर्वे, जितेंद्र सिंह इवने, करण चढोकार, अंकित कुमरे, महादेव बैठे, गीता उइके, देवेश्वरी मरकाम, रेखा धुर्वे, रिन्दों धुर्वे, कैलाश सलाम, गजेंद्र कवड़े, विवेक तुमड़ाम, गुड्डू कुमरे, रमेश सरियाम, राहुल कुमरे, सचिन उइके और भूपेंद्र सिंह पन्द्राम सहित समाज के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।-

# अनुनय बने सीए, हितैषी ने फैशन मैनेजमेंट में हासिल किए 90 प्रतिशत अंक

### स्थानकवासी संघ परिवार में एक साथ 2 उपलब्धियां





**बैतूल, देशबन्धु।** कोठी बाजार स्थित सुराणा परिवार ने एक साथ दो बड़ी उपलब्धियां हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। जहां एक ओर बेटे ने सीए जैसी कठिन परीक्षा पास कर ली, वहीं बहन ने फैशन मैनेजमेंट में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। यह दुर्लभ संयोग बना जब भाई-बहन दोनों ने एक ही समय पर अपनी-अपनी परीक्षा में सफलता का परचम लहराया। स्थानकवासी संघ के संरक्षक प्रेमचंद सुराना के सुपुत्र और कोठी बाजार के थोक वस्त्र विक्रेता पंकज सुराणा के बेटे अनुनय सुराणा ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा पास कर ली है। वहीं उनकी बहन कुमारी हितैषी सुराणा ने फैशन मैनेजमेंट की परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। यह संयोग भी विशेष है कि दोनों भाई-बहन ने एक साथ परीक्षा में सफलता प्राप्त की, जिससे सुराणा परिवार में खुशी का माहौल है। अनुनय सुराणा के चाचा और स्थानकवासी संघ के सहसचिव विनय सुराणा भी इस उपलब्धि से अत्यंत गौरवान्वित हैं। सुराणा परिवार की इस दोहरी सफलता पर स्थानकवासी संघ के अध्यक्ष अरुण गोठी, शांतिलाल तातेड, जयंतीलाल गोठी, मुकेश गोठी, नवीन तातेड, विमल सुराणा, सतीश पारख, भरत जैन, रानीदान लूनिया तथा अतुल पगारिया ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद हेमंत विजय खंडेलवाल के प्रथम नगर आगमन पर लिखा स्वागत का इतिहास

# बरसते पानी में बैतूल ने पलकों पर बिठाया, किया स्वागत-तुलादान



**बैतूल, देशबन्धु।** राजनीति के इतिहास में रविवार का दिन बैतूल जिले के लिए बेहद खास बन गया, जब पहली बार नवनियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत विजय खंडेलवाल अपने गृह जिले और विधानसभा मुख्यालय पहुंचे। उनके स्वागत के लिए जिस तरह का जनसैलाब उमड़ा और समाज संगठनों ने अभूतपूर्व सम्मान प्रदान किया, वैसा दृश्य जिले में वर्षों बाद देखने को मिला। इस अवसर पर हेमंत खंडेलवाल का फलों से तुलादान कर विशेष सम्मान किया गया।

भाजपा के शीर्ष पद पर पहुंचने के बाद हेमंत खंडेलवाल जब बैतूल पहुंचे तो जिले के 3 दर्जन से अधिक समाज संगठनों ने उनके सम्मान में जगह जगह स्वागत द्वार सजाए थे। शहर के मुख्य मार्गों पर पुष्पवर्षा होती रही और ऐतिहासिक स्वागत रथ आगे बढ़ता रहा। इस ऐतिहासिक मौके पर केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री और बैतूल सांसद डीडी उइके, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान, घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा उइके, आमला विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार सहित जिले के सभी प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे। खंडेलवाल के स्वागत के लिए लगभग 30 हजार से अधिक भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन जिले के कोने-कोने से पहुंचे थे। इस मौके पर स्वागत मंचों पर तुलादान, पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्हों और पुष्प हार के साथ अभिनंदन किया गया। शहर भर में भाजपाई रंग में रंगे इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई। बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद जब वे पहली बार नगर पहुंचे तो पूरा माहौल उत्सव में तब्दील हो गया। भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजू पवार के नेतृत्व में उनके प्रतिष्ठान आरबी मिनी मॉल परिसर में ऐतिहासिक रूप से उनका भव्य स्वागत किया गया।

### आजाद अध्यापक संघ ने दी बधाई, किया भव्य स्वागत



भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के प्रथम नगर आगमन पर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ जिला बैतूल द्वारा भव्य स्वागत किया गया। संघ के जिला अध्यक्ष विनय सिंह राठौड़ के नेतृत्व में पूरी टीम एकजुट होकर नगर में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर पहुंची और पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रदेश अध्यक्ष का सम्मान किया। स्वागत समारोह के दौरान संघ के प्रमुख पदाधिकारी और सदस्यगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुकेश उपराले, राजेश गंगारे, प्रदीप वागद्रे, विजय सरथकर, कैलाश धाकड़, काशी बिहार सहित पूरी टीम ने भागीदारी निभाई और अपने संगठन की गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

**स्वागत में उमड़ा यादव समाजः** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा आठवां मिल में भव्य स्वागत किया गया। हेमंत खंडेलवाल ने यादव समाज के इस सम्मान और स्नेह के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि समाज की उम्मीदों पर वे हमेशा खरा उतरेंगे और सभी वर्गों को साथ लेकर प्रदेश को प्रगति के पथ पर आगे ले जाएंगे। इस आयोजन में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं और युवाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। हेमंत खंडेलवाल के स्वागत में कुप्पा जोड़ और आठवां मील में उमड़ा जनसैलाब

### लाड़ले नेता के स्वागत में गांव-गांव से पहुंचे कार्यकर्ता, किया आत्मीय अभिनंदन



जिले की राजनीति रविवार को गौरव के उस पल की साक्षी बनी, जब पूर्व सांसद, वर्तमान विधायक और भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत विजय खंडेलवाल के प्रथम नगर आगमन पर कुप्पा जोड़ और आठवां मील (बांसपानी) पर ऐसा आत्मीय और भव्य स्वागत हुआ, जिसे देखकर हर कोई भावविभोर हो उठा। कार्यकर्ताओं का जोश ऐसा था कि बारिश की बौछारों में भीगते हुए भी वे अपने नेता के इंतजार में अडिग खड़े रहे। जगह-जगह जयघोष गूंजे, फूलों की वर्षा हुई और रास्ते स्वागत के रंग में रंग गए। अपने लाडले नेता को देखने और उनका अभिनंदन करने की तैयारी कार्यकर्ताओं ने एक दिन पहले से ही शुरू कर दी थी। आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और श्री खंडेलवाल को फूल मालाएं पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। स्वागत के लिए जुटे कार्यकर्ताओं को हल्की बारिश का भी सामना करना पड़ा, लेकिन उनके जोश में कोई कमी नहीं आई। वे पूरी तन्मयता और समर्पण के साथ अपने नेता के स्वागत में डटे रहे। कुप्पा जोड़ पर वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश रघुवंशी, बुद्धिप्रकाश तिवारी, पाढर मंडल युवा मोर्चा के प्रतीक रघुवंशी ने अगुवाई की। वहीं आठवां मील पर वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल जौजारे, मधु पाटणकर, साकादेही सरपंच बबलू नागले, खेड़ी सावलीगढ़ ग्रामीण के मंडल उपाध्यक्ष ओम मालवीय, भीमराव बामने, होरीलाल यादव, सरपंच सोनू ऊईके, पाढर मंडल के महामंत्री सोनू यादव, जनपद सदस्य अर्जुन धुर्वे, उपसरपंच मनीराम यादव, रतन भलाबी, माधोराव, बबलू झड़बड़े, फगन ऊईके, रामपाल बामने, टीकाराम यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्वागत से भावुक हेमंत बोलेः भाजपा परिवार की तरह, मैं हर कार्यकर्ता के साथ खड़ा हूं

भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है किसी एक परिवार की नहीं यह पार्टी है जो एक सामान्य कार्यकर्ता को प्रदेश अध्यक्ष बना सकती है । यहां अवसर मेरे लिए नहीं हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए सम्मान का प्रतीक है। पार्टी की विचारधारा को घर-घर पहुंचाने एवं संगठन को मजबूत करने के लिए हर कार्यकर्ता को सकरी भूमिका निभानी होगी उन्होंने यहां भी वादा किया कि जब तक मैं प्रदेश अध्यक्ष हूं किसी भी कार्य करता को किसी भी प्रकार की तकलीफ नहीं आने दूंगा। भाजपा परिवार की तरह है और मैं हर कार्यकर्ता के साथ खड़ा हूं ।अपने संबोधन के अंत में उन्होंने बारिश के बावजूद दूर दराज से आए कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया और सभी से आग्रह किया कि एक पौधा मां के नाम जरूर लगाए शाहपुर में हेमंत खंडेलवाल का यह स्वागत कार्यक्रम भाजपा के संगठन आत्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं के उत्साह का प्रतीक बन गया।

### ढोल ढमाकों से गूंज उठा शाहपुर



**शाहपुर।** भाजपा के नवप्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का प्रथम शाहपुर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत। शाहपुर भारतीय जनता पार्टी के निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ता एवं आम जनों ने ऐतिहासिक स्वागत किया जैसे ही हेमंत खंडेलवाल का काफिला शाहपुर नगर में में दाखिल हुआ जनपद पंचायत शाहपुर परिसर में ढोल ढमाकों एवं पुष्प वर्षा से उनका विशाल स्वागत समारोह हुआ जहां हजारों की जनसंख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे फूलों की वर्षा के बीच मंच तक पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष ने अपने ओजस्वी संबोधन दिया।

**पीला साफा पहनाकर किया पारंपरिक स्वागत :** समस्त आदिवासी समाज संगठन और आकास संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष और विधायक हेमंत खंडेलवाल का रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम में पीला साफा पहनाकर पारंपरिक स्वागत किया। इस दौरान उन्हें फल भेंट कर शुभकामनाएं भी दी गईं।

# देशसेवा की भावना को हरियाली अभियान से जोड़कर पूर्व सैनिकों ने लगाए 3 सौ पौधे



**बैतूल, देशबन्धु।** देश की सीमाओं पर सेवा देकर सेवानिवृत्त हो चुके पूर्व सैनिक अब धरती मां की सेवा में जुट गए हैं। बैतूल जिले के ग्राम ससाबड़ में 6 जुलाई को एक ऐसा ही प्रेरक दृश्य सामने आया जब देशसेवा की भावना को हरियाली अभियान से जोड़ा गया। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय बैतूल द्वारा आयोजित इस पौधारोपण अभियान में 300 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि सैनिक हमेशा सैनिक होता है चाहे वह सीमा की सुरक्षा हो या पर्यावरण की रक्षा।

यह अभियान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त कैप्टेन नौसेना सुमीत सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को देशभक्ति की भावना से जोड़ा और इसे वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया। उन्होंने बताया कि पिछले 20 वर्षों में विश्व में लगभग 25 करोड़ एकड़ भूमि से वनों का विनाश हुआ है, जिसे देखते हुए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक हो गया है।

इस अवसर पर एयर कमोडोर कमल कांत द्विवेदी ने इस अभियान का बीज बोया और पौधारोपण के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान की। उन्होंने सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक होकर भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रखने का आह्वान किया। उनकी पहल से प्रेरित होकर जिला सैनिक कार्यालय ने पर्यावरण के सजग नागरिकों को भी इस मुहिम से जोड़ा।

पूर्व सैनिक सूबेदार राजेंद्र प्रसाद सोनपुरे ने इस आयोजन में विशेष योगदान दिया। उनके प्रयासों से स्कूली छात्र, महिला मंडल और विभिन्न सामाजिक संगठनों को भी जोड़ा गया। पूर्व सैनिक संघ बैतूल के अध्यक्ष श्री पंडरी डांगरे, सचिव अशोक रघुवंशी और अन्य सदस्य भी इस अभियान में आगे बढ़ कर आएऔर अपना बहुमूल्य योगदान दिया ।

### गायत्री परिवार का अभियानः रामवन भरकावाड़ी में लगाए 50 करंज के पौधे

बैतूल। जिले में पर्यावरण संरक्षण के प्रयास अब जनआंदोलन का रूप लेते दिख रहे हैं। गांवों की शासकीय और खाली जमीनों पर सामूहिक रूप से पौधारोपण किया जा रहा है। राम वन भरकावाडी इसका ताजा उदाहरण बना, जहां करंज के पौधों से हरियाली का बीजारोपण हुआ। राम वन भरकावाडी में रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार, पर्यावरण गतिविधि मध्य भारत प्रांत और जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 50 करंज के पौधों का रोपण किया गया। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयासों का बेहतरीन उदाहरण बना। जिला पर्यावरण प्रभारी अमोल पानकर ने कहा कि हमारे आस-पास की शासकीय व खाली भूमि पर यदि लोग संगठित होकर पौधे लगाएं और उनका संरक्षण करें, तो वातावरण को प्रदूषण मुक्त और हराभरा बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही हरियाली की दिशा में बड़ा बदलाव संभव है। इस अवसर पर युवा उद्योगपति विवेक शुक्ला ने कहा कि यदि प्रत्येक ग्राम पंचायत ठान ले तो गांव की सैकड़ों एकड़ खाली जमीन को ग्रामीणों के सहयोग से हरियाली में बदला जा सकता है। जन अभियान परिषद के प्रतिनिधि आशीष कोकने ने बताया कि परिषद पिछले कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है और अब इसके परिणाम स्पष्ट तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में दिख रहे हैं। ग्रामीणों में जागरूकता आई है और संगठन के साथ मिलकर वे भी इस कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं।

विधायक निधि से स्वीकृत कार्य की न निगरानी हो रही है, न ही गुणवत्ता की जांच

# स्टाप डैम के पिलर में पत्थर डालकर किया जा रहा घटिया निर्माण



**भीमपुर/ बैतूल, देशबन्धु।** भीमपुर जनपद क्षेत्र में विकास के नाम पर भ्रष्टाचार की नई इबारत लिखी जा रही है। जिस स्टॉप डेम से ग्रामीणों को राहत मिलनी थी, वही अब भ्रष्टाचार के दलदल में धंसा हुआ है। लाखों की विधायक निधि से स्वीकृत कार्य की न निगरानी हो रही है, न ही गुणवत्ता की जांच। तस्वीरें चीख-चीखकर सच बयां कर रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं।

विकासखंड भीमपुर की ग्राम पंचायत रंभा रिंगढाना जोड़ से इमलीपानी मार्ग पर स्टॉप डेम का निर्माण कार्य चल रहा है। जयस संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रकुमार उइके ने इस कार्य को लेकर बड़ा आरोप लगाया है कि यह निर्माण कार्य राजनीतिक दबाव में जनपद सीईओ और उपयंत्री के संरक्षण में बिना किसी निगरानी के कराया जा रहा है। मौके से सामने आई तस्वीरों और वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि जिस डेम के लिए मोटी निधि मंजूर हुई है, उसमें निर्माण मानकों को ताक पर रख दिया गया है। गिट्टी के मसाले की जगह बड़े-बड़े चट्टानों जैसे पत्थरों से काम चलाया जा रहा है। सबसे हैरानी की बात यह है कि सरपंच और सचिव के बिना हस्ताक्षर के ही राशि का भुगतान भी किया जा रहा है। जयस संगठन का आरोप है कि यह सब कुछ सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है। न अधिकारी मौके पर पहुंचते हैं, न कार्य की मॉनिटरिंग होती है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता रसातल में चली गई है और जनता के पैसों से भ्रष्टाचारियों की जेबें भरने का खेल खुलकर चल रहा है। ग्रामीणों ने भी निर्माण कार्य को लेकर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि वर्षों बाद जब विधायक निधि से विकास की उम्मीद जगी थी, तब अधिकारियों ने उसमें भी घोटाले का रास्ता ढूंढ़ लिया। जनपद की उदासीनता और मिलीभगत का यह ताजा उदाहरण है, जिसने पूरे भीमपुर विकासखंड की छवि धूमिल कर दी है।

एक देश एक विधान कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के योगदान का किया स्मरण

# डॉ. मुखर्जी के विचार को प्रधानमंत्री मोदी ने क्रियान्वित किया: मुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में धारा 370 के विरोध के साथ ही राष्ट्र हित के अनेक मुद्दों पर निरंतर कार्य किया। वे लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसे सच्चे नेता थे, जिन्होंने लोकतंत्र सेनानी के रूप में कोलकाता और पश्चिम बंगाल को बचाने का कार्य भी किया। उन्होंने राष्ट्रवादी संगठन जनसंघ की स्थापना तो की ही तत्कालीन केंद्र सरकार से स्वयं को अलग करते हुए निर्दलीय रूप से निर्वाचन का निर्णय लिया। शिक्षा के क्षेत्र से सार्वजनिक क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद ऐसी अनेक चुनौतियों का उन्होंने सामना किया जो राष्ट्रभक्त ही किया करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि डॉ.मुखर्जी ने कभी असंगत व्यवस्थाओं से समझौता नहीं किया। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम की हिंसा का उत्तर आपरेशन सिंदूर के माध्यम से दिया। स्वतंत्रता के बाद सर्वप्रथम डॉ. मुखर्जी ने ऐसी व्यवस्थाओं का विरोध किया था जो राष्ट्र हित में नहीं थीं। उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने डॉ. मुखर्जी के जीवन लक्ष्य को पूर्ण करते हुए




कश्मीर से धारा 370 हटाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। इस तरह डॉ. मुखर्जी के संकल्प एक निशान, एक विधान और एक प्रधान को साकार करने का कार्य किया गया है। पूरे राष्ट्र ने एक स्वर से कश्मीर से धारा 370 हटाने का समर्थन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में संस्कृति विभाग द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की 125 वी जयंती के अवसर पर में एक देश एक विधान विषय पर आयोजित वैचारिक कार्यत्रक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजीव कुमार पांडे ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का कश्मीर के मुद्दे पर जो योगदान है उसके बारे में अक्सर चर्चा होती है। डॉ. मुखर्जी का एक दूसरा योगदान भी इतना ही बड़ा है जिस पर कम चर्चा होती है, वह है कोलकाता और पश्चिम बंगाल के संबंध में। संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल, पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर भोपाल श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, रविंद्र यति आदि उपस्थित थे। प्रमुख सचिव संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।

केन्द्रीय मंत्री की मौजूदगी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने स्वागत समारोह को किया संबोधित, कहा-

# भाजपा कार्यकर्ता मेरा जीवन व प्राण, उनके सम्मान में कमी नहीं आने दूंगा







- **कार्यकर्ताओं और जनता ने जो प्यार, स्नेह दिया उसका कर्ज जीवन भर नहीं उतार पाऊंगा**
- **अब कार्यकर्ताओं को और पार्टी को और अधिक मजबूत करना है**

**बैतूल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता मेरा जीवन व प्राण है। उनके सम्मान में कभी कमी नहीं आने दूंगा। पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता ने जो प्यार, स्नेह दिया उसका कर्ज जीवन भर नहीं उतार पाऊंगा। श्री खण्डेलवाल आज बैतूल जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ मंच पर केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके मौजूद थे। श्री खण्डेलवाल ने कहा कि एक सप्ताह में दो घटनाएं मेरे जीवन में घटित हुईं, जिसमें पहली मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा, दूसरी घटना आज आप सभी कार्यकर्ताओं का जगह-जगह प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद मिला। इन दोनों घटनाओं को मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा। उन्होंने कहा कि आप कार्यकर्ताओं की बदौलत बैतूल का नाम आज देशभर में रोशन हुआ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि आपकी जिम्मेदारी अब और बढ़ गई है, क्योंकि में प्रदेशभर में संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने में लगा रहूंगा। हम सभी को पार्टी संगठन को और आगे ले जाने का कार्य करना है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल के बैतूल प्रवास के दौरान रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम और बैतूल में कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह मंचों के माध्यम से पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने स्वागत में कार्यकर्ताओं के उमड़े सैलाब का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। उन्होंने नर्मदापुरम में पुण्यदायिनी और मध्यप्रदेश की जीवनदायिनी माँ नर्मदा के पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। कार्यक्रम को जनअभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर, विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, चंद्रशेखर देशमुख, महेन्द्र सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष सुधाकर पंवार ने भी संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम और बैतूल में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान मंच पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जोशी, जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन, विधायक श्रीमती गंगा उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, पूर्व सांसद सुभाष आहूजा, श्रीमती ज्योति धुर्वे, पूर्व विधायक रामजीलाल उइके, अलकेश आर्य, शिवप्रसाद राठौर, अशोक कडवे, श्रीमती गीता उइके, मंगलसिंग धुर्वे, चैतराम मानेकर, पूर्व जिला अध्यक्ष रामचरित्र मिश्रा, राजा ठाकुर, जितेन्द्र वर्मा, अनिल सिंह कुशवाह, जितेन्द्र कपूर, बसंत बाबा माकोड़े एवं आदित्य बबला शुक्ला उपस्थित रहे।

## बैतूल के विकास में खंडेलवाल का अतुलनीय योगदान : उइके

केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि सरल, सहज, सेवाभावी, मिलनसार एवं ऊर्जावान व्यक्तित्व के धनी हेमंत खंडेलवाल का हम सभी अभिनंदन करते हैं। श्री खंडेलवाल का बैतूल के सर्वांगीण विकास में अतुलनीय योगदान है। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद बैतूल क्षेत्र में यह प्रथम प्रवास हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए नई ऊर्जा का संचार करने वाला है। उन्होंने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री खंडेलवाल के पिताजी स्वर्गीय विजय कुमार खंडेलवाल का भी इस दौरान स्मरण किया।

# नरबली की आशंका : बेटे का सिर धड़ से मिला अलग, घर पर पिता की लाश मिली





**टीकमगढ, देशबन्धु।** जिले के चंदेरा थाना क्षेत्र के ग्राम विजयपुर में आज एक हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां 30 वर्षीय युवक का शव उसके ही खेत के पास गोंड बाबा चबूतरे के पास मिलने से सनसनी फैल गई। सिर और धड़ दोनों अलग-अलग पाए गए है। वहीं मृतक के पिता की भी मौत आज तड़के 4 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक चंदेरा थाना क्षेत्र के ग्राम विजयपुर में आज अखिलेश कुशवाहा (30) की निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक का सिर और धड़ दोनों अलग उसके ही खेत के पास गौड़ बब्बा चबूतरे के झंडे के नीचे मिला है। जहां हत्या की आशंका जताई जा रही है। वहीं ग्रामीण इसे नरवली की घटना मान रहे है, क्योंकि जहां शव मिला है वहां, नरबलि (तंत्र मंत्र) में उपयोग होने बाली संबंधित सामग्री भी मिली है। जिससे हत्या के साथ ही यह मामला नरबलि की संभावनाओं के कारण और पेंचिदा बन गया है। दरअसल मृतक अखिलेश कुशवाहा के साथ -साथ उसके 60 वर्षीय पिता गोले कुशवाहा का भी शव उसी के घर में मिला है। परिजनों के मुताबिक आज सुबह 4 बजे गोले कुशवाहा की मौत हुई है। कहा यह भी जा रहा है कि गोले कुशवाहा को कैंसर जैसी घातक बीमारी काफी समय से बनी हुई थी। इन मौतों को लेकर बड़ा सवाल यह है जब बेटे का शव मिला तो उसके कुछ ही समय पहले उसके पिता की मौत कैसे हुई ? ज्ञात हो कि मृतक गोले कुशवाहा के 3 बेटे है। जिनमें से आज बड़े बेटे अखिलेश की हत्या कर दी गई। 2 बेटे और है जिनमें एक 17 साल और छोटा बेटा 3 साल का है। वहीं मृतक गोले कुशवाहा की पत्नी भी मानसिक रूप से कमजोर है। मृत युवक अखिलेश कुशवाहा अविवाहित था। मृतक गोले और मृतक अखिलेश दोनों ही गांव में किसानी और मजदूरी का कार्य करके परिवार का भरण पोषण करते थे।

### हत्या या बीमारी से मौत

लोगों का कहना है कि गोले कुशवाहा को कैंसर की बीमारी थी लेकिन उसकी मौत आज ही क्यों हुई। क्या अधेड़ की भी हत्या हुई है। यह एक जांच का विषय है। फिलहाल एसडीओपी अभिषेक गौतम समेत चंदेरा थाना पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी है। परिजनों के मुताबिक विजयपुर निवासी गोले कुशवाहा लंबे समय से कैंसर की बीमारी से ग्रसित थे।

# इछावर में सफाई दरोगा के घर से डेढ़ लाख नगद और 7 लाख के जेवर चोरी

**इछावर, देशबन्धु।** जिले के इछावर नगर परिषद के सफाई दरोगा के घर को नकबजनों ने अपना निशाना बनाया। सफाई दरोगा के सूने मकान से लगभग डेढ़ लाख रुपए नगद और 7 से 8 लाख रुपए के जेवरात पर हाथ साफ कर फरार हो गया। वारदात के दौरान परिवार वीकेंड मानने भोपाल गया था। चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वॉड टीम के साथ मौका मुआयना किया।

पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है। दरअसल, इछावर नगर परिषद के सफाई दरोगा जितेन्द्र पावर को वीकेंड मनाने भोपाल जाना भारी पड़ गया। उनके सूने मकान में चोरों ने ताला तोड़कर डेढ़ लाख रुपए की नगदी सहित 7 लाख रुपए के सोने के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी आज सुबह सफाई दरोगा के रिश्तेदारों ने दी। जब उन्होंने देखा कि घर के ताले टूटे हुए है। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गई है। फिलहाल आरोपियों की तलाश में संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है।

सहकारिता मंत्रालय के स्थापना दिवस पर कार्यशाला आयोजित

# व्यवसायिक लक्ष्य अर्जित करने सार्थक प्रयास करें : गुप्ता

**भोपाल, देशबन्धु।** बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने कहा कि विगत वित्तीय वर्ष के दौरान वर्तमान प्रतिस्पर्धा के दौर में उत्कृष्ट व्यवसाय संवर्धन की दिशा में व्यवसाय विविधीकरण को अपनाकर नवाचार के माध्यम से बेहतर परिणाम प्राप्त किए थे। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में भी अपेक्स बैंक व जिला बैंकों के अधिकारियों व कर्मचारियों को अथक प्रयास कर उत्कृष्ट व्यवसायिक लक्ष्य अर्जित करने के प्रयास करना होंगे व यह भी सुनिश्चित करना होगा कि आपके जिले की सभी संबंधित पैक्स पर भी बेहतर परिणाम प्राप्त करें।




श्री गुप्ता अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कालेज कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर प्राचार्य पी.एस.तिवारी ने ग्राहकों से बेहतर संबंध व सतत समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। बैंक के उप महाप्रबंधक के.टी.सज्जन ने बैंक की योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का संचालन प्रबंधक करुण यादव ने किया। इस अवसर ट्रेनिंग कालेज के प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपरोक्त अधिकारीगण के साथ सहकारिता मंत्री के वि.क.अ अरुण माथुर, उप सचिव सहकारिता मनोज सिन्हा, विमल श्रीवास्तव, सदस्य, को-ऑपरेटिव ट्रिब्यूनल, के.के.द्विवेदी, संयुक्त आयुक्त भोपाल-नर्मदापुरम संभाग, संजय मौर्य, सचिव, वनोपज संघ, अपेक्स बैंक के वि.क.अ. व सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण श्रीमती अरुणा दुबे, अरुण मिश्र, संजय मोहन भटनागर, अरविन्द बौद्ध, आर.एम.मिश्रा, अजय देवड़ा के साथ अनेक अधिकारीगण व कर्मचारीगण भी सम्मिलित हुए।

पूर्व विधायक के खिलाफ पति ने न्यायालय में लगाई अर्जी

## भरण पोषण में मांगी पेंशन की आधी राशि

**दमोह देशबन्धु।** पथरिया की पूर्व विधायक सोना बाई के दिव्यांग पति सेवक राम अहिरवार ने कुटुंब अदालत में भरण पोषण के लिए अर्जी लगाई है। उन्होंने पत्नी की 50 हजार रुपए की पेंशन में से 25 हजार रुपए प्रतिमाह की मांग की है।

जानकारी के अनुसार सेवक राम ने बताया कि उनकी शादी 1993 में सागर की सोना बाई से हुई थी। वर्ष 2003 में पत्नी ने राजनीति में आने की इच्छा जताई। उनके सहयोग से सोना बाई भाजपा से पथरिया विधानसभा का चुनाव जीत गईं। विधायकी काल तक सब ठीक रहा। वर्ष 2009 में पत्नी ने उन्हें अपमानित करना शुरू कर दिया। कुछ दिनों बाद छोड़ दिया, तब से दोनों अलग रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में एक सड़क दुर्घटना में सेवक राम का एक पैर खराब हो गया। अब वे दिव्यांग हैं और मजदूरी नहीं कर सकते। दंपती के 3 बच्चे सौरव, नीरज और प्रवीण हैं। उनके वकील नितिन मिश्रा ने बताया कि दिव्यांग होने के कारण सेवक राम को भरण पोषण की आवश्यकता है। इस मामले में सोना बाई का कहना है कि वह न्यायालय से नोटिस मिलने पर ही जवाब देंगी।

## जंगल में भैंस ढूंढने गए युवक पर बाघ ने किया हमला

**दमोह, देशबन्धु।** सटे पन्ना जिले के हरदुआ गांव निवासी एक युवक पर रविवार की सुबह जंगल में अपनी भैंस को ढूंढने गए युवक पर बाघ ने हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए सिमरिया स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। फिलहाल घायल का अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा घायल का इलाज किया जा रहा है। वहीं परिजनों के मुताबिक वन विभाग पन्ना द्वारा घायल को मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जा रही है।

घायल जेहर पिता प्रताप यादव (40) पटीकला हरदुआ थाना सिमरिया जिला पन्ना ने बताया कि रविवार सुबह उसकी भैंस चरने के लिए जंगल की ओर गई थी। वह अपनी भैंसों को ढूंढने के लिए जंगल पहुंचा और एक तालाब किनारे अपना मुंह धो रहा था। इसी दौरान एक बाघ ने उस पर हमला कर दिया। वह किसी तरह अपनी जान बचाकर भागा, लेकिन ज्यादा दूर नहीं भाग सका और बाघ पीछे से आ गया। उसने ग्रामीणों को आवाज दी। जैसे ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो उन्होंने चीखते हुए पत्थर मारकर बाघ को वहां से भगा दिया। घायल जेहर को इलाज के लिए 108 की सहायता से स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, लेकिन घाव गंभीर होने के चलते डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल दमोह रेफर कर दिया। घायल के परिजनों के मुताबिक बाघ ने भाई के सीने पर पंजा मारा, जिससे काफी गहरा घाव हो गया है। बाघ ने उन पर हमला उस समय किया जब वह अपनी भैंसों को जंगल गए थे। उन्होंने इस बात की जानकारी वन विभाग को उपलब्ध करा दी है।

## जंगल में भैस ढूंढने गए युवक पर बाघ ने किया हमला

**दमोह, देशबन्धु।** सटे पन्ना जिले के हरदुआ गांव निवासी एक युवक पर रविवार की सुबह जंगल में अपनी भैंस को ढूंढने गए युवक पर बाघ ने हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए सिमरिया स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

फिलहाल घायल का अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा घायल का इलाज किया जा रहा है। वहीं परिजनों के मुताबिक वन विभाग पन्ना द्वारा घायल को मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जा रही है। घायल जेहर पिता प्रताप यादव (40) पटीकला हरदुआ थाना सिमरिया जिला पन्ना ने बताया कि रविवार सुबह उसकी भैंस चरने के लिए जंगल की ओर गई थी। वह अपनी भैंसों को ढूंढने के लिए जंगल पहुंचा और एक तालाब किनारे अपना मुंह धो रहा था। इसी दौरान एक बाघ ने उस पर हमला कर दिया। वह किसी तरह अपनी जान बचाकर भागा, लेकिन ज्यादा दूर नहीं भाग सका और बाघ पीछे से आ गया। उसने ग्रामीणों को आवाज दी। जैसे ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो उन्होंने चीखते हुए पत्थर मारकर बाघ को वहां से भगा दिया। घायल जेहर को इलाज के लिए 108 की सहायता से स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, लेकिन घाव गंभीर होने के चलते डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल दमोह रेफर कर दिया।

घायल के परिजनों के मुताबिक बाघ ने भाई के सीने पर पंजा मारा, जिससे काफी गहरा घाव हो गया है। बाघ ने उन पर हमला उस समय किया जब वह अपनी भैंसों को जंगल गए थे।

## रक्षा लेखा विभाग के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे राजनाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को यहां रक्षा लेखा विभाग के तीन दिन के नियंत्रक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि सम्मेलन में देश की रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को आकार देने पर मुख्य रूप से चर्चा की जाएगी। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवाएं) एस. जी. दस्तीदार और रक्षा लेखा महानियंत्रक डॉ. मयंक शर्मा सहित शीर्ष सैन्य और प्रशासनिक अधिकारी सम्मेलन में उपस्थित रहेंगे। यह भारत की रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को आकार देने में इसकी महत्ता को दर्शाता है। नियंत्रक सम्मेलन नीतिगत संवाद, रणनीतिक समीक्षा और संस्थागत नवाचार का एक प्रमुख मंच है जो रक्षा और वित्त क्षेत्रों में रक्षा लेखा विभाग के शीर्षस्थ नेतृत्व, सिविल सेवकों, शिक्षाविदों, थिंक टैंक और अन्य हितधारकों को एक मंच पर लाता है। यह चुनौतियों के मूल्यांकन, सुधार शुरू करने और रक्षा तैयारियों में वित्तीय प्रणाली की भूमिका को आगे बढ़ाने के महत्वपूर्ण फोरम के रूप में कार्य करता है। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय 'रक्षा वित्त तथा अर्थशास्त्र के माध्यम से वित्तीय सलाह, भुगतान, लेखा परीक्षा और लेखांकन में परिवर्तन' है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**अब....** विकास व आयुष विभाग के प्रमुख सचिव रहे डी. पी. आहूजा को सहकारिता विभाग के प्रमुख सचिव का दायित्व सौंपा गया है। अब अशोक बर्णवाल इस प्रभार से मुक्त होंगे। वहीं, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग तथा सचिव कार्मिक, सामान्य प्रशासन विभाग का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे एम. सेलवेन्द्रन को अब सचिव कार्मिक, सामान्य प्रशासन विभाग के रूप में नियुक्त किया है। उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त निशांत वरबवड़े को किसान कल्याण तथा कृषि विभाग का सचिव बनाया गया है। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर में ओएसडी प्रबल सिपाहा को उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त बनाया गया है। वहीं, मध्य प्रदेश वित्त निगम इंदौर की प्रबंध संचालक राखी सहाय को लोक सेवा आयोग इंदौर के सचिव का दायित्व सौंपा गया है।

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
(अल्पसंख्यक संस्थान) ऑन लाईन प्रकिया से मुक्त
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
UG COURSE
B.A., BCA, BBA,
B.P.E.S., B.Sc., B.Lib
B.Com (Economics/Computer/Hon's)
PG COURSE
M.A : Hindi, English. Maths, Economics History, Political Science, Sociology & Social Work
M.Sc : Zoology, Botany, Chemistry, Physics, Computer Science, Microbiology & Biotechnology
M.Com: Accounts & Management
B.Ed.: Bachelor of Education
(Online Counselling)
Direct Admission
DIPLOMA COURSE
P.G.D.Y.S : PG Diploma In Yogic Science
P.G.D.C.A. : PG Diploma In Computer Appcation
D.El.Ed. : Diploma in Elementary Education
www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com
Mob. 9827208070, 9425346230
9893194695, 9981291288, 7828186626
डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल

माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
MBA प्रवेश प्रारंभ छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध*
माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ फार्मेसी D फार्मा
DIPLOMA IN PHARMACY (2 YEAR)
(12th BIO/MATH'S) For Year 2025-26
पता : इटारसी रोड, बैतूल मो. 9425003213, 7000863213 प्रवेश प्रारंभ

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन**, कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।